इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव


स्वस्तिक
स्पोर्ट्स, म्यूजिकल एण्ड फिटनेस आयटम
खेल सामग्री
वाद्य यंत्र, बैंड गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक आर्गन, आक्टोपैड,
नाटक- रामलीला गुड्स, दरी, टाटपट्टी के थोक व चिल्हर विक्रेता एवं सुधारक
शो-रुम - जी.ई. रोड, राजनांदगांव ● सिनेमा लाईन, राजनांदगांव
फोन: 07744-407791, 7440777791
Email : Swastikstorerajn@gmail.com ● www.swastikstores.com

वर्ष- 44 अंक -18 राजनांदगांव, बुधवार 04 दिसम्बर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## डिप्टी सीएम बनने के लिए राजी हो गए एकनाथ शिंदे



### देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना प्रमुख से की मुलाकात

मुंबई। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी खींचतान के बीच देवेंद्र फड़णवीस ने मंगलवार शाम मुंबई में शिवसेना प्रमुख और कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की।

महाराष्ट्र में सरकार गठन पर गतिरोध के बाद फडणवीस और शिंदे के बीच यह पहली मुलाकात है। सूत्रों का कहना है कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम बनने के लिए तैयार हो गए हैं। वहीं देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

महाराष्ट्र में महायुति की नई सरकार का नेतृत्व कौन करेगा यह बात अगले 24 घंटों में साफ हो जाएगी। बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी को पर्यवेक्षक बनाकर महाराष्ट्र भेजा है। आज 4 दिसंबर को दोनों कल नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें विधायक दल के नेता चुना जाएगा। उम्मीद लगाई जा रही है कि कल दोपहर तक नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो जाएगा। बता दें कि 5 दिसंबर को नई सरकार का मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होने वाला है।

### शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम मोदी

पांच दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत देश के कई बड़े दिग्गज नेता शामिल होंगे। समारोह की तैयारियां पहले शुरू हो चुकी हैं।

### अबकी बार 2 डिप्टी सीएम लेंगे शपथ

सूत्रों का कहना है कि महाराष्ट्र में अबकी बार देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री होंगे तो दो डिप्टी सीएम भी बनेंगे। शिंदे 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में फडणवीस और राकांपा नेता अजित पवार के साथ शपथ लेंगे। सूत्रों का कहना है कि बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से मिले आश्वासन के बाद शिंदे ने डिप्टी सीएम बनने पर सहमति जता दी है। वहीं अजीत पवार भी डिप्टी सीएम पद की शपथ लेंगे।

### संभावित कैबिनेट की कैसी होगी तस्वीर?

महायुति सरकार में भाजपा को गृह और राजस्व जैसे प्रमुख विभागों सहित 21-22 मंत्रालय मिल सकते हैं। बीजेपी स्पीकर और विधान परिषद सभापति का पद भी अपने पास बरकरार रख सकती है। वहीं एनसीपी को वित्त मंत्रालय और विधानसभा में डिप्टी स्पीकर समेत 9-10 मंत्रालय मिल सकते हैं। अब बात शिवसेना की करें तो उसे 16 मंत्रालयों का अनुरोध किया था, लेकिन शहरी विकास समेत 12 मंत्रालयों पर समझौता होने की उम्मीद है। पार्टी विधान परिषद के सभापति पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही है, जबकि उपसभापति पद पर पहले से ही उसका कब्जा है

## दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ के विरोध में उतरे लोग, पुलिस-प्रदर्शनकारियों में हुई भिड़ंत



सियोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने मंगलवार को देश के विपक्ष पर संसद को नियंत्रित करने, उत्तर कोरिया के साथ सहानुभूति रखने और सरकार को राज्य विरोधी गतिविधियों से पंगु बनाने का आरोप लगाते हुए साउथ कोरिया में आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की।

दरअसल, उन्होंने साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ने एक टेलीविजन ब्रीफिंग में यह घोषणा की, जिसमें उन्होंने उत्तर कोरिया समर्थक ताकतों को खत्म करने और संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करने की कसम खाई। राष्ट्रपति की घोषणा के बाद लोग सड़क पर उतर आए और पुलिस से भिड़ की खबरें सामने आ रही हैं।

राष्ट्रपति के इस फैसले से देश के शासन और लोकतंत्र पर क्या असर पड़ेगा इसको लेकर अभी अभी कुछ कहा नहीं जा सका है। हालांकि, इस कदम का राजनेताओं ने तुरंत विरोध किया, जिसमें उनकी अपनी रूढ़िवादी पार्टी के नेता हान डोंग-हून भी शामिल थे, जिन्होंने इस निर्णय को गलत बताया और लोगों के साथ मिलकर इसे रोकने की बात कही।


वहीं, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक योल के इस फैसला का विपक्षी भी विरोध कर रहे हैं। विपक्षी नेता ली जे-म्यांग ने आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा को अवैध और असंवैधानिक बताया है।

### राष्ट्रपति यूं सुक योल ने कही ये बात

जानकारी के अनुसार यून सुक योल दक्षिण कोरिया के औपचारिक नाम का हवाला देते हुए एक टेलीविजन भाषण के दौरान कहा, इस मार्शल लॉ के ज़रिए, मैं कोरिया के स्वतंत्र गणराज्य का पुनर्निर्माण और सुरक्षा करूंगा, जो राष्ट्रीय बर्बादी की गहराई में गिर रहा है।

उन्होंने लोगों से उन पर विश्वास करने और कुछ असुविधाओं को सहन करने के लिए कहते हुए कहा, मैं जितनी जल्दी हो सके राज्य विरोधी ताकतों को खत्म कर दूंगा और देश को सामान्य बना दूंगा। राष्ट्रपति यून सुक योल की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इक्कीस हजार करोड़ रु. के रक्षा सौदों को जरुरत के आधार पर खरीद की मंजूरी



नयी दिल्ली । रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्रों बलों के आधुनिकीकरण को आगे बढाने तथा उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 21 हजार 772 करोड़ रूपये के पांच रक्षा सौदों को मंगलवार को जरुरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दे दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस निर्णय को मंजूरी दी गयी। खरीद के इन प्रस्तावों में नौसेना के लिए 31 नए वॉटर जेट फास्ट अटैक क्राफ्ट की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति भी शामिल हैं। इन्हें तट के करीब कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, निगरानी, गश्ती और खोज और बचाव संचालन का कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, ये जहाज विशेष रूप से द्वीप क्षेत्रों में और उसके आसपास समुद्री डकैती रोधी अभियानों में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

खरीद परिषद ने 120 फास्ट इंटरसेप्टर क्राफ्ट की खरीद के लिए भी आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की है। ये जहाज तटीय रक्षा के लिए विमान वाहक, विध्वंसक और फ्रिगेट्स, पनडुब्बियों जैसी इकाइयों को एस्कॉर्ट करने सहित कई भूमिकाएं निभाने में सक्षम हैं।

खरीद परिषद ने इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर मंजूरी दी है जिसमें बाहरी एयरबोर्न सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर पॉड्स, अगली पीढ़ी के रडार चेतावनी रिसीवर और सुखोई -30 एमकेआई विमान से संबंधित उपकरण शामिल हैं। यह प्रणाली सुखोई - 30 एमकेआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाएगी और वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा संरक्षित दुश्मन के लक्ष्यों के खिलाफ एक मिशन को अंजाम देते हुए इसे दुश्मन के राडार और संबंधित हथियार प्रणाली से बचाएगी। खरीद परिषद ने तटीय क्षेत्रों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चिन्मय की जमानत पर चल रही थी सुनवाई, पक्ष रखने नहीं पहुंचा कोई वकील, अब करना होगा लंबा इंतजार

चिन्मय कृष्णदास को सुनवाई के लिए अदालत नहीं लाया गया



ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हिंदू धर्मगुरु चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी की जमानत पर सुनवाई होनी थी, लेकिन उनकी तरफ से पक्ष रखने कोई वकील नहीं पहुंचा। इसके बाद अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख दो जनवरी तय की है।

### 0 जनवरी में होगी सुनवाई

एक सरकारी अभियोजक ने बताया कि चिन्मय की जमानत की अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी। लेकिन बचाव पक्ष की तरफ से कोई भी वकील नहीं पहुंचा, जिसके बाद मेट्रोपालिटन सेशंस जज मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने इसकी तारीख आगे बढ़ा दी। अब इस मामले में जनवरी 2025 में सुनवाई होगी।

### 0 धमकियों का डर-वकीलों पर दबाव

सम्मिलित सनातनी जागरण जोटे संस्था में दास के एक सहयोगी स्वतंत्र गौरांग दास ने कहा कि हिंदू धर्मगुरु की तरफ से कोई वकील सामने आने की हिम्मत इसलिए नहीं जुटा पाया क्योंकि उन्हें धमकियों का डर था और राजनीति से प्रेरित वकीलों के समूह से दबाव पड़ रहा था।

### 0 अदालत परिसर में प्रदर्शन रैली

मंगलवार को सुनवाई को लेकर अदालत परिसर के पास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। हालांकि दास को सुनवाई के लिए अदालत नहीं लाया गया।

इस दौरान चट्टोग्राम बार एसोसिएशन के नेता समेत अन्य वकीलों ने अदालत परिसर में प्रदर्शन रैली भी निकाली।

### 0 भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा तलब

बता दें कि अगरतला में बांग्लादेश उप उच्चायोग में हमले के एक दिन बाद सुरक्षा कारणों के चलते यहां की सभी सेवाएं बंद कर दी गई हैं। एक के बाद एक घटनाक्रमों से भारत के साथ बढ़ रही तल्खी के बीच बांग्लादेश ने मंगलवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। वहीं, त्रिपुरा पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है और चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

### 0 बेहतर हैं भारत-बांग्लादेश के संबंध

भारतीय उच्चायुक्त वर्मा मंगलवार शाम कार्यवाहक विदेश सचिव रियाज हमीदुल्ला से मिलने विदेश मंत्रालय पहुंचे। बैठक के बाद वर्मा ने मीडिया को बताया कि दिल्ली, बांग्लादेश के साथ स्थिर, सतत और रचनात्मक संबंध बनाए रखना चाहता है। दोनों देशों के बीच व्यापक और बहुआयामी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ के 14 अफसर बने आईएएस : दिल्ली में हुई डीपीसी, तीन अफसर रह गए वंचित




रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सेवा के अफसरों को पदोन्नति देने के लिए मंगलवार को दिल्ली में डीपीसी हुई। इस दौरान 14 अफसरों को आईएएस अवार्ड मिल गया। डायरेक्टर जनसंपर्क अजय अग्रवाल का नाम भी इन अफसरों में शामिल है।

मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में हुई इस बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन और वरिष्ठ अफसर रेणु पिल्ले भी शामिल थीं। आईएएस बनने वाले अफसरों में संतोष देवांगन और हीना नेताम का भी नाम शामिल है। ये दोनों पिछली बार पदोन्नति से वंचित रह गए थे। वहीं आईएएस बनने की दौड़ में इस बार भी 3 अफसरों का मामला अटका है। इनमें सबसे चर्चित नाम कोयला घोटाले में जेल में बंद सौम्या चौरसिया का है। वहीं आरती वासनिक और तीर्थराज अग्रवाल भी पदोन्नति से वंचित रह गए हैं।

जिन अफसरों को आईएएस अवार्ड हुआ उनमें - संतोष देवांगन, हीना नेताम, अश्वनी देवांगन, रेणुका श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, अजय अग्रवाल, रीता श्रीवास्वत, लोकेश चंद्राकर, प्रकाश सर्वे, गजेंद्र ठाकुर, लीना कोसम, तनुजा सलाम, वीरेंद्र बहादुर पंच भाई, सौमिल चौबे और सुमित अग्रवाल के नाम शामिल हैं।

## जयशंकर बोले- भारत और चीन के रिश्तों में मामूली सुधार



पूर्वी लद्दाख में सेनाएं पीछे हटीं, लेकिन एलएसी के कई इलाकों में अभी भी विवाद

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-चीन के बीच संबंधों पर खुलकर बात की। विदेश मंत्री लोकसभा में कहा कि भारत सीमा विवाद के निपटारे के लिए चीन के साथ बातचीत जारी रखने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक सीमा पर शांति नहीं होगी, भारत-चीन संबंध सामान्य नहीं हो सकते। 2020 से ही दोनों देशों के रिश्ते सामान्य नहीं रहे हैं। चीन की हरकतों की वजह से सीमाई इलाकों में शांति भंग हुई थी।

0 भारत-चीन रिश्तों पर जयशंकर ने दिया अपडेट

विदेश मंत्री जयशंकर ने कुछ सप्ताह पहले चीन के साथ तनाव कम करने के लिए हुए समझौते के बारे में मंगलवार को लोकसभा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सरकार का रुख स्पष्ट है कि चीन के साथ संबंधों के विकास के लिए सीमा पर शांति जरूरी है। जयशंकर ने कहा कि सतत कूटनीतिक साझेदारी को दर्शाने वाले हालिया घटनाक्रम ने भारत-चीन संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में बढ़ाया है। हम सीमा विवाद के निपटारे के लिए चीन के साथ बातचीत जारी रखने को प्रतिबद्ध हैं। हम एक ऐसा समझौता चाहते हैं जो दोनों देशों के लिए स्वीकार्य हो। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### बॉर्डर इलाकों में शांति बहाली का उठाया मुद्दा

जयशंकर ने कहा कि सरकार का मानना है कि बॉर्डर इलाकों में शांति बहाल हुए बिना भारत-चीन संबंध सामान्य नहीं हो सकते। इसके लिए जरूरी है कि हम इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट रखें और साथ ही, अपने रिश्तों के सभी पहलुओं पर एक सुस्पष्ट रणनीति बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि हमने हमेशा से स्पष्ट किया है कि शांति की बहाली ही आगे के रिश्तों की नींव होगी।

## 5वीं-8वीं की होगी बोर्ड परीक्षा : स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में कैबिनेट के फैसले के बाद कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा लेने के लिए मंगलवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा निर्देश जारी किया है। इसके तहत राज्य के सभी कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2010-11 में 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा को समाप्त किया गया था। जिसके तहत प्रत्येक बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा दी जाती है। जिसके वजह से किसी बच्चों को फेल नहीं किया जाता था। बोर्ड परीक्षा बंद करने से विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर को देखते हुए एक बार फिर से केंद्रीयकृत परीक्षा लेने का फैसला लिया गया है। जिसके तहत प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में कक्षा 5 वीं और 8वीं की नियमित परीक्षा ली जाएगी।

## तेलंगाना में मारे गए सात में से छह नक्सली बीजापुर से, आईजी ने दी चेतावनी



जगदलपुर। बीजापुर और तेलंगाना के सीमा से लगे गांव में बीते दिन हुए नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में मारे गए सात नक्सलियों में छह नक्सली बीजापुर के बताए जा रहे हैं। वहीं इस मामले को लेकर बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बाकी बचे नक्सलियों को सरेंडर करने की बात कही है। नहीं तो आने वाले दिनों में बड़ा आपरेशन किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि बीजापुर और तेलंगाना सीमा में हुए मुठभेड़ में मारे गए सात नक्सलियों में छह नक्सली बीजापुर जिले के रहने वाले हैं और ये नक्सली तेलंगाना कमेटी में रह कर काम करने की बात बताई जा रही थी।

वहीं मामले की जानकारी देते हुए बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ एंटी नक्सल ऑपरेशन में ज्वॉइंट स्टेट कार्डिनेशन के बीच बने तालमेल से ही वहां के ब? केडर्स मारे गए हैं और लगातार बस्तर सुरक्षा बलों के दबाव के चलते ही नक्सलियों की टीम बिखर रही हैं और बॉर्डर इलाकों में अपना ठिकाना बनाये हुए है। जिसके बाद वे उस इलाके में मौजूदगी के बाद ग्रेहाउंड के जवानों ने ऑपरेशन किया। जिसमें सात नक्सलियों को ढेर करने में सफकता मिली, साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र और उड़ीसा सरकार के जवानों का लगातार दबाव बना है और नक्सलियों को जड़ से खत्म करने के लिए योजना बनाई गई है।

बस्तर आईजी ने बचे नक्सलियों को अंतिम चेतावनी दी है और कहा कि नक्सलियों के सामने सरेंडर का ही एकमात्र रास्ता बना है। अन्यथा आने वाले दिनों में ऑपरेशन को और बड़ा किया जाएगा।

## जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन के दौरान एक आतंकी को किया ढेर



जम्मू। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान एक आंतकी को मार गिराया है। पुलिस के अनुसार, श्रीनगर के हरवान इलाके में देर रात सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। रात करीब 11:20 बजे सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस पर सेना ने जवाबी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में एक आतंकी को सेना के जवानों ने ढेर कर दिया।

इस मुठभेड़ को जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने अंजाम दिया। मुठभेड़ खत्म होने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। सेना को लगता है कि इलाके में अभी दो और आतंकी छिपे हो सकते हैं। सुरक्षा एजेंसियां इलाके में सर्च ऑपरेशन के जरिए बचे हुए आतंकियों को पकड़ने या खत्म करने की कोशिश में लगी हैं।

### जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में एक आतंकी ढेर

सुरक्षाबलों ने घाटी में आतंकवादियों का सफाया तेज कर दिया है। पिछले कुछ महीनों में सेना ने कई आतंकियों का सफाया किया है। वहीं स्थानीय प्रशासन ने इलाके के लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा है। सुरक्षाबलों का कहना है कि ऑपरेशन जल्द ही अपने अंतिम चरण में पहुंच जाएगा।

कश्मीर जोन पुलिस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में कहा, उक्त आतंकवादी गगनगीर, गांदरबल और कई अन्य आतंकवादी हमलों में नागरिक हत्याओं में शामिल था। आरआर और सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टियों के साथ, जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दाचीगाम के ऊपरी इलाकों में ऑपरेशन जारी है।

भारतीय सेना की चिनार कोर ने भी एक अपडेट साझा किया, जिसमें कहा गया, ओपी दचीगाम, श्रीनगर के दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया है। इससे पहले मंगलवार को पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त पार्टियों ने विशिष्ट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा का जनादेश दिवस: उड़ाए गए गुब्बारे, सीएम साय बोले- डबल इंजन सरकार में तेजी से हो रहा है विकास

रायपुर। छत्तीसगढ़ में साय सरकार के कार्यकाल को एक वर्ष पूरा हो गया है। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेशभर में जनादेश दिवस मना रही है। जहां भाजपा कार्यालय में गुब्बारे उड़ाकर जश्न मनाया गया और जमकर आतिशबाजी की गई। इस मौके पर सरकार के विधायक- मंत्री अपना रिपोर्ट कॉर्ड पेश करेंगे और एक साल के कार्यों का लेखा- जोखा जनता के बीच प्रस्तुत करेंगे। 13 दिसंबर को साय सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होगा।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, संघर्ष के समय अरुण साव प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व कर रहे थे। उनके संघर्षों का परिणाम है कि बीजेपी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनीं। ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए जनता का अभिनंदन और देव तुल्य कार्यकर्ताओं को धन्यवाद।



### छत्तीसगढ़ में तेजी हो रहा विकास- डिप्टी सीएम अरुण साव

वहीं डिप्टी सीएम अरुण साव ने गुब्बारे उ?ाकर जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि, आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ऐतिहासिक है। एक साल पहले आज के दिन जनता ने ऐतिहासिक जनादेश दिया था। जिसे राजनीतिक पंडित भी जनता के मन को पढ़ नहीं पाए। कहा जा रहा था कि, बीजेपी की सरकार नहीं बनेगी। लेकिन जनता ने अन्यायी, भ्रष्टाचारी सरकार उखाड़ फेंका। छत्तीसगढ़ में अब तेज गति से विकास हो रहा है। ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए जनता का अभिनंदन।

### हमने मोदी की कई बड़ी गारंटी पूरी की- सीएम

उन्होंने आगे आगे कहा कि, कांग्रेस जीत को लेकर बहुत ओवर कॉन्फिडेंस थी। किसी को नहीं लग रहा था कि, बीजेपी की सरकार बनेगी। लेकिन जनता ने भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका। पूरे प्रदेश में सुशासन कायम करने की शुरुआत हो गई है। हमनें मोदी की कई बड़ी गारंटी पूरी की, बस्तर में शांति व्यवस्था बहाल हो रही है और हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं। डबल इंजन सरकार में तेजी से विकास हो रहा है।

# धान खरीदी में भाजपा सरकार की नियत खराब- कांग्रेस



0 मोहारा और कन्हारपुरी धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण
0 प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी जिले के वरिष्ठ विधायक दलेश्वर साहू ने कांग्रेसजनों के साथ किसानों से कठिनाइयों पर चर्चा की

राजनांदगांव (दावा)। पूरे प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर प्रशासनिक व्यवस्था से धान खरीदी हो रही विभिन्न समस्याओं तथा भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादे अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी नहीं होने, 3100 रूपए क्विंटल का वादा कर 2300 रूपए का भुगतान, तौल में कमी (सूखत पड़त), धान खरीदी केन्द्रों में पानी की कमी, प्रसाधन सुविधाओं की कमी, ऑनलाइन टोकन में समय की कमी, बारदाने की कमी, एकमुश्त भुगतान के मामले को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा 03 दिसंबर मंगलवार को पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया गया।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि भाजपा राज में धान खरीदी केन्द्रों का बुरा हाल है। धान बेचने आए किसानों को समस्याओं, कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार किसान हित में मंगलवार को पूरे प्रदेश में धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया। जिसके अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी जिले के वरिष्ठ विधायक दलेश्वर साहू, शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा शहर के मोहारा व कन्हारपुरी वार्ड स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया वहीं किसान साथियों को धान बेचने में आ रही कठिनाइयों व समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान किसानों ने बताया कि ऑनलाइन व आफलाइन टोकन में अंतर, बारदाना की किल्लत सहित कई समस्याएं आ रही है। किसानों की समस्याओं को सुनकर विधायक दलेश्वर साहू ने प्रशासनिक अमले को सुधार लाने कहा।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी जिले के वरिष्ठ विधायक दलेश्वर साहू ने निरीक्षण के दौरान कहा कि छग की भाजपा सरकार धान खरीदी में गड़बडी कर रही है। किसानों को ऑनलाइन केन्द्रों में टोकन के लिए 50 रूपए देना पड़ रहा है। बारदाने की किल्लत, रजिस्टर मेंटनेस, सूची चस्पा नहीं किया जा रहा है जिसके कारण किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। तौल में गड़बड़ी हो रही है। इसी तरह धान के परिवहन स्थिति भी लगातार लचर बनी हुई है। जिस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। कांग्रेस सरकार के समय धान खरीदी सुचारू रूप से हो रही थी और किसान हित में सरकार ने कई अहम फैसले लिए जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि धान बेचने में किसानों को लगातार समस्याएं आ रही है वहीं भाजपा सरकार वादा खिलाफी कर रही है और किसानों को गुमराह किया जा रहा है। धान खरीदी में भाजपा सरकार की नियत खराब है। आनलाइन टोकन कर किसानों को घुमाया जा रहा है, इसके कारण काफी पहले से कटा हुआ धान सुख रहा है। जिसके कारण किसानों को लागत भी नहीं निकल पा रही है। वहीं सोसायटी द्वारा निर्धारित धान से आगे खरीदा नहीं जा रहा हैं। जबकि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है वहां पर किसानों को भाजपा सरकार रूला रही है। केन्द्रों में रखे धान ऐसे ही पढ़े है जबकि बदले मौसम के कारण बारिश से सुरक्षित रखने की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है।

इस दौरान प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कमलजीत सिंह पिन्टू, गुलाब वर्मा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, विरेन्द्र चंद्राकर, दिनेश भानुशाली, अशोक फडनवीस, युवराज भारती, मदन साहू (मोहड़), मनीष गौतम, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, पार्षद दुलारी साहू, महेश साहू, मनीष साहू, गणेश पवार, प्रतिमा बंजारे, खिलेश बंजारे, भोला यादव, योगेन्द्र वैष्णव, किसान साथी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# डॉ. स्वर्णा सिंह को इंडियन एसोसिएशन आफ फिजियोथैरेपिस्ट एनुअल मेंबरशिप प्राप्त



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट की पूर्व छात्रा डॉक्टर स्वर्णा सिंह को इंडियन एसोसिएशन आफ फिजियोथैरेपिस्ट ने एनुअल मेंबरशिप प्रदान कर दी है। इस तरह अब डॉ. स्वर्णा सिंह फिजियोथैरेपी की नियमित रूप से प्रैक्टिस कर सकेंगी। ज्ञातव्य है कि उन्होंने रॉयल किड्स कान्वेंट में अपनी स्कूल शिक्षा पूर्ण की एवं वर्धा मेडिकल कॉलेज से फिजियोथैरेपी में अपनी डिग्री कंप्लीट की।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट से वर्ल्ड मेंबरशिप का एनुअल मेंबरशिप मिलने पर संपूर्ण संस्थान में हर्ष व्याप्त है। वे रॉयल किड्स कान्वेंट के निदेशक संजय बहादुर सिंह एवं श्रीमती मनीषा सिंह की सुपुत्री हैं। संपूर्ण शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है और संस्था परिवार में बधाइयों का तांता लगा हुआ है। संस्था अध्यक्ष डॉ सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती इला सिंह तथा बरसर आई के वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य एकता खंडेलवाल, सुषमा शुक्ला, उप प्राचार्य ममता मिश्रा, हेडमिस्ट्रेस सरिता सिंह, सांस्कृतिक प्रभारी अपर्णा वर्मा एवं श्रीमती मौली सेबेस्तियन ने बधाइयां दी है।

## पहला कॉलम...

### अंततः हटाए गए गैंदाटोला थाना प्रभारी रमेश कुमार पटेल

**अरुण कुमार नामदेव होंगे नए थाना प्रभारी**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा प्रसाशनिक दृष्टिकोण से गैंदाटोला थाना प्रभारी रमेश कुमार पटेल को आगामी आदेश तक वर्तमान पद स्थापना से हटा दिया गया है और उसके स्थान पर रक्षित केंद्र शिकायत शाखा राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ अरुण कुमार नामदेव को प्रभार दिया गया है। संभवतः गैदाटोला पुलिस पर इस तरह के आरोप लगने के चलते पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा गैंदाटोला थाना प्रभारी रमेश पटेल को हटाया। बहरहाल गैंदाटोला थाना प्रभारी रमेश पटेल हटा दिए गए हैं। उसके स्थान पर रक्षित केंद्र के शिकायत शाखा में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ अरुण कुमार नामदेव को गैदाटोला प्रभारी बनाया गया है।

### रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु 13 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार जिले में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि प्रशिक्षण से संबंधित योग्यताधारी आवेदक 13 दिसम्बर 2024 शाम 5 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन कलेक्टोरेट राजनांदगाव के जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के कक्ष क्रमांक 112 से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

### हिम्मत भाई भोजाणी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। लोहाणा समाज के प्रतिष्ठित श्री हिम्मत भाई रतिलाल भाई भोजाणी का आकस्मिक निधन 3 दिसंबर को सुबह हुआ। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 2 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें लोहाणा समाज के सदस्यों के अलावा नगर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे कीर्ति भाई भोजाणी के पिता थे तथा अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। मुक्तिधाम में शामिल सभी लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

### हिरुलाल सिन्हा का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम राका के वरिष्ठ नागरिक हिरूलाल सिन्हा का 82 वर्ष की उम्र में आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में परिजनों ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र रामाधार सिन्हा, नोहर सिन्हा दो पुत्री एवं भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे डॉक्टर पवन सिन्हा के दादा एवं सिन्हा समाज डोंगरगांव मिडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा के नाना थे।

# सहदेव नगर में बहुप्रतीक्षित गार्डन का निर्माण प्रारंभ



शहर का प्रथम महिला गार्डन होगा

राजनांदगांव (दावा)। विवेकानद नगर, कुंज विहार कालोनी, नीलगिरी पार्क, गायत्री कालोनी के साथ अन्य क्षेत्रों के लिए डामरीकरण व सीमेंटीकरण, नाली हेतु 1.25 करोड़ से अधिक की राशि का प्रस्ताव शहर में वार्ड विकास के लिए चर्चित वार्ड नं. 23 स्टेडियम वार्ड के सहदेव नगर में गार्डन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। क्षेत्र के निवासियो को लंबे समय से इस गार्डन निर्माण की प्रतीक्षा थी जिस हेतु पार्षद सुनीता अशोक फड़नवीस निरन्तर प्रयासरत थी, इस कार्य के लिए स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का आभार जताया।

आज सहदेव नगर में पार्षद सुनीता अशोक फडणवीस की उपस्थिति व श्रीमती भूपेंद्र कौर की आतिथ्य में विधिविधान से पूजा अर्चना कर गार्डन निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया गया इस अवसर पर सीमा झा,सिमरन बग्गा,श्रीमती मेश्राम, श्रीमती सुषमा राव, रेणु झा,उषा मेश्राम व अन्य लोग उपस्थित थे। निर्माण किये जा रहे इस गार्डन को केवल महिलाओं व बच्चों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। यह शहर का पहला ऐसा गार्डन होगा जो केवल महिलाओं के लिए ही उपयोगी होगा। इसे आक्सीजन पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। लाइट से सुशोभित होगा एवं बेकिंग के लिए एक्यूप्रेशर प्लेट लगायी जायेगी। उल्लेखनीय है कि पार्षद के निरन्तर प्रयास से इस गार्डन हेतु 25 लाख की राशि स्वीकृत हुई है।

पार्षद सुनीता अशोक फड़नवीस ने बताया कि विवेकानंद नगर, निलगिरी पार्क, कुंजविहार एवं गायत्री कालोनी के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में डामरीकरण, सीमेंट रोड, नाली निर्माण हेतु 1.25 करोड़ से अधिक राशि की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति उपरांत प्रथम चरण में कविता कॉम्लेक्स रोड एवं प्यारेलाल चौक से रॉयल किड्स स्कूल मार्ग पर डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। वार्ड में प्रमुख मार्गो के डामरीकरण हेतु लगभग 90 लाख की राशि स्वीकृत की गयी है, जिससे अभी कार्य होना है, सहदेव नगर में पार्षद निधि से 10 लाख का सीमेंटीकरण का कार्य किया गया है एवं पार्षद निधि से शिवमंदिर के समीप टीन शेड व हाऊसिंग बोर्ड क्षेत्र में प्रतीक्षालय का निर्माण किया जायेगा एवं निलगिरी पार्क में अतिरिक्त कमरे का निर्माण होगा।

सुनीता अशोक फड़नवीस ने कहा कि उनके कार्यकाल में वार्ड में आवश्यक विकास के कार्य हुए है सभी खाली जगहों पर आवश्यकता के अनुरूप गार्डन निर्माण का कार्य हो चुका है, उनकी पहली प्राथमिकता यही रही जिससे की किसी प्रकार के अतिक्रमण से भी भूमि को बचाया जा सके, साथ ही नागरिकों को सुविधा मिले व वार्ड की सुन्दरता बढ़े।

# कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के दो आरोपियों को धारा 34 (2) के तहत गिरफ्तार किया है। बताया गया कि पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी रवि वर्मा आदतन अपराधी है, पूर्व में भी आबकारी एक्ट में चालान किया जा चुका है। दूसरे आरोपी का नाम अशीष बघेल पिता दिलीप बघेल उम्र 23 साल निवासी प्रधानमंत्री आवास योजना आवास संतोषी नगर लखोली है। कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने बताया कि सोमवार 2 दिसंबर को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल रवि वर्मा का घर राहुल नगर लखोली में घेराबंदी कर आरोपी अशीष बघेल पिता दिलीप बघेल के कब्जे से 33 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्राण्ड मात्रा 5.940 बल्क लीटर कीमती 2970 रूपये एवं 9 पौवा गोवा अंग्रेजी व्हीस्की शराब मात्रा 1.620 बल्क लीटर कीमती 1080 रूपये तथा 8 पौवा सी0जी0 ब्राण्ड अंग्रेजी व्हीस्की मात्रा 1.440 बल्क लीटर कीमती 960 रूपये जुमला 50 पौवा शराब मात्रा 9.00 बल्क लीटर कीमती 5010 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर कार्यवाही कर हिरासत मे लिया गया। प्रकरण मे मुख्य आरोपी रवि वर्मा पिता देखकर भाग गया था, जिसे मंगलवार 3 नवंबर को पतासाजी व घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी रवि वर्मा आदतन आरोपी है, पूर्व में भी आबकारी एक्ट के मामले में चालान किया जा चुका है। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# आयुक्त ने डामरीकरण के लिये शेष प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कराने तथा स्वीकृत कार्य तत्काल चालू करने व चालू कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज अपने कक्ष में तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर पूर्व बैठक की समीक्षा की और कहा कि डामरीकरण के लिये निविदा उपरांत शेष प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करावे, पेच वर्क चालू करे तथा आगामी निकाय चुनाव को देखते हुये अप्रारंभ कार्य जल्द चालू करने कहा।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने उप अभियंताओं से उनके प्रभारित वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी ली एवं अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ कराने तथा कार्य नही करने वाले व अधुरे कार्य करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में चल रहे कार्य संतोषप्रद नहीं है, आगामी निकाय चुनाव को ध्यान में रखकर सभी कार्य जल्द पूर्ण कराये, अप्रारंभ कार्य इसी सप्ताह प्रारंभ कराये। उन्होंने कार्यो में आने वाली कठिनाईयों के बारे में जानकारी ली। तकनीकि अधिकारियों ने बताया कि कुछ ठेकेदार भुगतान नहीं होने के कारण कार्य नहीं कर रहे है, इस संबंध में आयुक्त ने जानकारी लेकर योजना के कार्य जिसमें राशि है तथा जो कार्य आधा पूर्ण हो चुका है, उनकी फाईल तैयार कर भुगतान की कार्यवाही करने सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे को निर्देशित किये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने पुराना बस स्टैण्ड, नया बस स्टैण्ड की स्थिति सुधारने के निर्देश दिये। इसके अलावा नाली नाला के कार्य तथा डामरीकरण कार्य को प्राथमिकता देते हुये जल्द प्रारंभ करने निर्देशित किये। उन्होंने मोहारा मेला स्थल, प्रेस क्लब के अलावा अन्य योजना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुये उप अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड के उद्यान में आवश्यक मरम्मत करावे। इसके अलावा अपने क्षेत्र में अतिक्रमण की जानकारी होने पर उन्हें नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार विद्युत, पेयजल व साफ सफाई संबंधी भी मानिटरिंग कर संबंधित को अवगत करावे।


# दबंग ग्रुप ने विकास कार्यो के लिए डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया




राजनांदगांव (दावा)। दबंग ग्रुप ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान और विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया है। उनके नेतृत्व में राजनांदगांव में अनेक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई, जिनका लाभ आज जनमानस को मिल रहा है।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपनी दूरदृष्टि और विकास के प्रति समर्पण से न केवल क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ किया, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की। दबंग ग्रुप उनके इन प्रयासों की सराहना करता है और उम्मीद करता है कि भविष्य में भी वे इसी तरह प्रदेश और देश के विकास में योगदान देते रहेंगे।

इस अवसर पर दबंग ग्रुप के सदस्यों ने कहा, डॉ. रमन सिंह ने जिस निष्ठा से विकास के कार्यों को आगे बढ़ाया है, वह प्रेरणादायक है। उनका नेतृत्व हमारे समाज को नई ऊंचाइयों पर ले गया है। दबंग ग्रुप उनके प्रयासों को सलाम करता है। दबंग ग्रुप हमेशा से सामाजिक और विकास कार्यों में सक्रिय रहा है और आगे भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे रात्रि
**सिंघम अगेन**
कलाकार - अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th Dec To 12th Dec 2024


Advance Bookings Open
Pushpa The Rule 2- - 09:45am, 10:00am, 10:15am, 01:30, 01:45, 02:00, 05:15, 05:30, 05:45, 09:00, 09:15 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th Nov To 4th Dec 2024


Moana 2 - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Delhi Bus (Hindi) - 12:15 pm
Kanguva (Hindi) - 03:15 pm
The Sabarmati Report - 12:00, 6:00 and 09:00 pm
Bhool Bhulaiyaa 3 - 03:00, 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**आवश्यकता है**
दैनिक अखबार में काम करने हेतु (रात्रिकालीन) हेल्पर एवं ड्राइवर की
मिलने का समय दोप. 12 से शाम 6 बजे तक।
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-9
337-3 347-4
राजधानी
4-6-7
156-2 390-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्र./ / प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 25/11/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल पाल पिता कुंजलाल पाल, निवासी सहसपुरदल्ली, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम सहसपुरदल्ली, पटवारी हल्का नंबर 0003, खसरा नंबर 318/8, रकबा 0.0990 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा /नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 04/12/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र-.......... अ-6 (अ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ले / ग्राम वासी ग्राम धौराभाठा, प.ह.नं. 21 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि. आवेदक प्रताप जंघेल आ. हरिदास जंघेल उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम धौराभाठा तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र मय ऋणपुस्तिका, नामांतरण पंजी एवं बयनामा एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, आवेदक के नाम पर ग्राम-धौराभाठा, प.ह.नं.-21 तहसील व जिला राजनादगांव स्थित भूमि ख.नं. 975/3 रकबा 0.056 हे. भूमि दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि को विक्रेता पुरानीक आ. झूमुकदास से दिनांक 08 जून 2007 को आवेदक द्वारा क्रय किया था। जिसका ग्राम पंचायत खपरीखुर्द के प्रस्ताव कमांक 07 दिनांक 07.10.2007 को पारित किये जाने पश्चात आवेदक के नाम पर ऋणपुस्तिका जारी हुआ है। किन्तु ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश दर्ज नहीं होना लेख किया गया है। अतएव आवेदित भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज करते हुए ऑनलाईन राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 16/12/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 0.2/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 02/12/2024
सुनवाई दिनांक :-16/12/2024

**नायब तहसीलदार**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202412093700006
अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवेश कोठारी आ. संतोष कुमार कोठारी, निवासी-कोठारी भवन, कामठीलाईन तहसील व जिला राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला गोल बाजार स्थित शीट क्रमांक 47 बी, भूखण्ड क्रमांक-56/2, क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर धारक जो सरिता भोजवानी ध.प. राजकुमार भोजवानी, निवासी-राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीयन विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 19.12.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202412093700005
अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवेश कोठारी आ. संतोष कुमार कोठारी, निवासी कोठारी भवन, कामठीलाईन तहसील व जिला राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला गोलबाजार स्थित शीट क्रमांक 47 बी, भूखण्ड क्रमांक-56/1 में से, क्षेत्रफल 146.56 वर्गमीटर जो सरिता भोजवानी ध.प. राजकुमार भोजवानी, निवासी-चौखडियापारा राजनांदगाँव के नाम पर दुकान क्रमांक 06, ऑनरशीप में नजूल अभिलेख में दर्ज है। जिसे विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 19.12.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

शासकीय वाहनों को रद्दी (SCRAP) प्रयोजन के लिए नीलामी हेतु निविदा आमंत्रण सूचना
**(प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2024-25 सकरी, बिलासपुर दिनांक 29.11.2024

अधीक्षण अभियंता वि./यां. जल संसाधन मण्डल सकरी, बिलासपुर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत अपलेखित 09 नग वाहनों (07 नग निरीक्षण वाहन एवं 02 नग ट्रक) की बिक्री हेतु "जहां है जैसी है" के आधार पर प्रपत्र जी में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, धरोहर राशि, नियम एवं शर्ते तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 09.12.2024 तक कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है, साथ ही सूचना पटल में भी देखा जा सकता है।
2. प्रत्येक वाहन हेतु पृथक- पृथक निविदा प्रपत्र स्वीकार किये जायेंगे।

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग सकरी बिलासपुर (छ.ग.)**

जी- 242504265/2

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का पूर्व नाम दर्शिल गोलछा आ. सिद्धार्थ गोलछा से बदलकर दर्शन गोलछा आ. सिद्धार्थ गोलछा रख लिया हूं। अब भविष्य में मेरे पुत्र को दर्शन गोलछा आ. सिद्धार्थ गोलछा के नाम से जाना, पहचाना एवं समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें। नाम परिवर्तन के समर्थन में सूचना के प्रकाशन छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं, जिसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सूचना जानें ....

शपथकर्ता
**सिद्धार्थ गोलछा**
**आ. राजेन्द्र गोलछा**
म.नं. - 443, सदर बाजार
भारतमाता चौक, राजनांदगांव
(छ.ग.) पिन- 491441

# छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर : डॉ. रमन सिंह

**० विधानसभा अध्यक्ष ने ढ़ाई करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की क्षेत्रवासियों को दी सौगात**



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पार्रीखुर्द में 2 करोड़ 64 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कार्यक्रम में 1 करोड़ 60 लाख रूपए के लोकार्पण एवं 1 करोड़ 4 लाख 60 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यहां जो भी विकास कार्य संपादित किए जा रहे हैं, वे सभी गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यहां निर्मित सामुदायिक भवन एवं नया ग्राम पंचायत भवन सुसज्जित एवं सुरूचिपूर्ण बना हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में 15 वर्षों तक राज्य की सेवा करने का अवसर मिला। वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन प्रदेश एवं प्रदेश की जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है, जो देश के किसी अन्य राज्यों में सर्वाधिक है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ शासन की बागडोर श्री विष्णु देव साय के हाथ में है। उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर उन्नति के पथ पर बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कार्यक्रम में 1 करोड़ 60 लाख रूपए के लोकार्पण एवं 1 करोड़ 4 लाख 60 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। लोकार्पण किए गए कार्यों में 80 लाख रूपए के आंगनबाड़ी से मुक्तिधाम पहुंच मार्ग तक सीसी रोड, 26 लाख 63 हजार रूपए के सामुदायिक भवन निर्माण, 18 लाख 54 हजार रूपए के नवीन ग्राम पंचायत भवन, 4 लाख रूपए सामुदायिक भवन, 3 लाख रूपए के रंगमंच निर्माण, 7 लाख 25 हजार रूपए के मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय रोड निर्माण, 5 लाख रूपए के मैदान कांक्रीटीकरण पंचायत के पास, 5 लाख रूपए के शीतला मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण, 5 लाख रूपए के आंतरिक विद्युतीकरण कुसमी ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग, 5 लाख रूपए के सोलर लाईट, 2 लाख 50 हजार रूपए के पाईप लाईन विस्तार शामिल हैं। इसी तरह भूमिपूजन कार्य में 60 लाख रूपए के सीसी रोड निर्माण, 19 लाख 45 हजार रूपए के हाट बाजार विकास कार्य, 4 लाख 50 हजार रूपए के निर्मलाघाट व टो वॉल निर्माण, 4 लाख रूपए के सामुदायिक शौचालय, 10 लाख रूपए के सामुदायिक क्षेत्र संरक्षण, संवर्धन एवं सौन्दर्यकरण कार्य, 1 लाख रूपए के व्यवसायिक परिसर के सामने शेड निर्माण, 5 लाख 81 हजार रूपए के नाली निर्माण शामिल हैं। कार्यक्रम में 3 महिला स्वसहायता समूह को 6-6 लाख रूपए के ऋण चेक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत पार्रीखुर्द के सरपंच बुधेश्वर साहू ने अतिथियों का स्वागत किया और ग्राम पंचायत में कराए गए विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति खूबचंद पारख, रमेश पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिक्षा भण्डारी, भरत वर्मा, संतोष अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पार्रीखुर्द के सरपंच बुधेश्वर साहू ने अतिथियों का स्वागत किया और ग्राम पंचायत में कराए गए विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर खूबचंद पारख, रमेश पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिक्षा भण्डारी, भरत वर्मा, संतोष अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अभिलाषा में दिव्यांग दिवस पर उनके अधिकारों के संरक्षण की जानकारी सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिया गया



राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा मे अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय अविनाश तिवारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव माननीय न्यायाधीश हेमंत कुमार रात्रे और जिला बाल संरक्षण अधिकारी एकीकृत बाल विकास चंद्रकिशोर सर का पदार्पण हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। संस्था के दिव्यांग बच्चों के द्वारा मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन संस्था के सचिव रूपम सोनछत्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्रून, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, पूर्व सचिव महेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर द्वारा संबोधित किया गया। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय श्री रात्रे द्वारा संबोधित करते हुए दिव्यांगजनों के अधिकारों सहित कानूनी जानकारी दिया गया।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय अविनाश तिवारी द्वारा पास्को से संबंधित जानकारी दी गई। इसी तरह बाल संरक्षण अधिकारी लद्यड़े द्वारा बाल संरक्षण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का रोचक संचालन दिलीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी संतोष खंडेलवाल, सूरज बुद्धदेव, भानुमती पिल्ले, प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते, शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने दी।

# रेलवे वेंडर के पुत्र का सहकारिता अधिकारी के पद पर चयन



**० आईएएस बनने का लक्ष्य आगे भी जारी रहेगा - सौरभ जांभुलकर**

डोंगरगढ़(दावा)। शहर के प्रतिभाशाली छात्र मेकेनिकल इंजीनियर सौरभ जांभुलकर के छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा जिला सहकारिता अधिकारी पद में चयनित होना डोंगरगढ़ के युवाओं के लिए अत्यंत गौरव एवं आनन्द का क्षण है। सौरभ के पिता स्व. रामानंद जांभुलकर 2013 में दिवंगत हो गये थे, वे रेलवे स्टेशन में वेंडर थे। दो बड़े भाई भी पहले ही दिवंगत हो गये। माता श्रीमती जाया बाई बीड़ी बनाकर घर चलाती है। इस विपरीत परिस्थितियों में सौरभ जांभुलकर ने एनआईटी रायपुर से मेकेनिकल इंजीनियर में बी टेक 2020 में किया व द्वितीय प्रयास में ही बिना कोचिंग के (स्वअध्ययन) द्वारा लोक सेवा आयोग में सफलता प्राप्त की। पहले प्रयास में साक्षात्कार तक पहुंच चुके थे।

सौरभ जाभुलकर ने बताया कि उनके बड़े भाई स्व. कोमल जांभुलकर का सपना था कि मैं आईएएस बनू, भाई के सपने को साकार करने के लिए मेरा सफ़र आगे भी जारी रहेगा। सौरभ जाभुलकर ने अपनी सफलता का श्रेय दुनिया के नंबर वन विद्वान डॉ बाबासाहेब आंबेडकर को दिया व अपनी माता, दोस्तों, स्कूल के शिक्षकों व परिवार के सदस्यों, मामाजी गोपीराम सांगोडे व समाज को दिया। सौरभ जाभुलकर का पीएससी में चयनित होना, परिवार सहित समूचे डोंगरगढ़ के लिए एक अत्यंत आनन्द एवं गौरव का विषय बन गया है, इस बच्चे की सफलता में निश्चित रुप से उसकी अटूट मेहनत, उसके शिक्षकों, दोस्तों के कुशल मार्गदर्शक एवं स्वर्गीय भाई के सपने का परिणाम है, आज राज्य सेवा की सबसे बड़ी प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर बौद्ध समाज समाज व डोंगरगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गये है। उनकी सफलता पर डॉ मुन्ना लाल नंदेश्वर, अमिताभ दुफारे, महेश बोरकर, विलास जांभुलकर, सुदेश मेश्राम, निर्भयदास चोखांन्द्रे, सिद्धार्थ नागदेवे व समस्त बौद्ध समाज के सामाजिक गणों ने बधाई दी है।

## शनिधाम ने दी श्रद्धांजलि....



राजनांदगांव (दावा)। बांग्लादेश में धर्म के आधार पर अल्पसंख्यक समुदाय विशेष कर हिंदू बौद्ध सिख जैन सभी परिवारों को प्रताड़ित कर हत्याएं की जा रही है इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज शनिदेव धाम परिवार एवं नगर की अन्य समिति एवं संस्थाएं महाकाल चौक में दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। यह जानकारी शनिदेव धाम प्रमुख राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने दी।

# कोलाटोला 'पेंदाकोड़ो' निवासी लोमेश मण्डावी के नायब तहसीलदार के पद में चयन होने पर वनांचल में हर्ष व्याप्त



राजनांदगांव(दावा)। नव गठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के वनांचल के ग्राम कोलाटोला 'पेंदाकोड़ो' निवासी लोमेश मण्डावी के अभी हाल में ही छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के अंतर्गत नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने पर संपूर्ण वनाचंल में हर्ष व्याप्त है।

विदित हो कि लोमेश मण्डावी अपने प्रथम प्रयास में ही 22 साल की उम्र में इस पद पर चयनित हुए हैं। लोमेश मण्डावी के पिता विनोद मण्डावी वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुकादाह विकासखण्ड मोहला में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है। उल्लेखनीय है कि आस से कुछ वर्ष पहले तक ग्राम टोला की पहचान वनांचल के दुर्गम, अत्यंत पिछड़ा एवं पहुंचविहीन गांव के रूप में था। आज भी ग्राम कोलाटोला घनघोर जंगलों एवं पहाड़ों से घिरा हुआ है। उनके पिता मनोज मण्डावी अपने गांवों में पहले मेट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले तथा शासकीय सेवा में चयनित होने वाले व्यक्ति थे। उनके पिता भी घोर गरीबी और विपरित आर्थिक हालातों का

**प्रथम प्रयास में नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने पर शुभचिंतकों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं**

सामना करते हुए बचपने में अपने माता के निधन होने के उपरांत भी शिक्षा अर्जन कर शिक्षक के पद पर चयनित हुए थे। अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए लोमेश मण्डावी ने भी कठिन परिश्रम एवं लगन से आज प्रथम प्रयास में ही इस मुकाम को हासिल किया है। लोमेश मण्डावी ने कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय में रहकर किया है। इसके पश्चात् उन्होंने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में स्नातक बीए की पढ़ाई सत्र 2021-22 में पूरी करने के पश्चात् राज्य लोक सेवा आयोग की तैयारी में जुट गए थे।

लोमेश मण्डावी प्रथम प्रयास में ही राज्य लोक सेवा आयोग के परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए हैं। उनके इस सफलता पर संपूर्ण वनांचल सहित मोहला-मानपुर जिले में हर्ष व्याप्त है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी माता श्रीमती पूनीता मण्डावी, नाना पंचम परतेती सहित गोण्डवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, संरक्षक हीरेसिंह घावड़े, सुरेश दुग्गा, गोंविद टेकाम, जगत सलामे, तुकाराम कोर्राम, डीआर आचला, तिलक सोरी, चंद्रेश ठाकुर, तुलसीराम मरकाम, श्री अंगद सलामे, लखन सोरी, कुमार कोरेटी, पुरूषोत्तम मण्डावी, अरविंद गोटे, श्री संत कुमार नेताम, चेतन भुआर्य, मन्ने सिंह मण्डावी, शिव कलामे, जागेश्वरी मण्डावी, भूपेन्द्र मण्डावी पीआर नायक सहित सभी समाज प्रमुखों अंचल के लोगों ने बधाई एवं शुभकमानाएं दी है।

# हाथ में झाड़ू लेकर पार्षद गगन आईच के वार्ड पहुंचे पार्षद राजेश गुप्ता चंपू



**0 मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर के आसपास चलाया सफाई जागरूकता अभियान**

**0 निगम प्रशासन ने नवरात्रि पर्व के बाद से नहीं की है साफ-सफाई - चंपू**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के वीआईपी वार्ड के नाम से जाने पहचाने जाने वार्ड नंबर 19 में इंदिरा नगर वार्ड नं. 41 के पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा संकल्प की टीम ने सफाई जागरूकता अभियान चलाया। वहां के जागरूक नागरिकों ने बताया कि इस क्षेत्र की नवरात्रि पर्व के बाद से साफ सफाई नहीं हुई है और मां पाताल भैरवी परिसर एवं नेशनल हाईवे से मंदिर पहुंच मार्ग तक सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प है। जानकारी मिलने पर पार्षद राजेश गुप्ता चंपू आज दिनांक 2 दिसंबर दिन सोमवार को स्वयं हाथ में झाडू लेकर दल-बल के साथ उक्त क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। गौरतलब हो कि पार्षद चंपू द्वारा दो अक्टूबर 24 गांधी जयंती के अवसर पर अपने वार्ड नंबर 41 इंदिरा नगर सहित शहर के अन्य वार्डो में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया था। तब से आज तक अपने स्वयं के खर्च पर सुबह चार घंटे एवं दोपहर चार घंटे निरंतर सफाई जागरूकता अभियान चलाएं हुए हैं। आज इसी कड़ी में वे शिकायत मिलने पर शहर के सिद्धपीठ प्रसिद्ध मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंचे और क्षेत्र में साफ-सफाई को अंजाम दिया।

# भाजपा सरकार कर रही हर सोसायटी में छलावा - कांग्रेस

**विधायक भोलाराम और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कई सोसायटी का किया निरीक्षण**



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भर की सेवा सहकारी समितियों में समर्थन दर पर धान खरीदी व्यवस्था में लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए विपक्ष कांग्रेस के नेताओं ने कई सोसायटी का निरीक्षण किया। प्रदेश कांग्रेस समिति के निर्देश पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू और जिला कांग्रेस समिति ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने पार्टीजनों के साथ आज भर्रेगांव, सुरगी, सिंघोला, आलीखुटा, रानीतराई, करमतरा आदि सोसायटी का निरीक्षण कर किसानों से उनकी समस्याएं जानी इस पर भाजपा सरकार को जमकर कोसा और कहा कि भाजपा सरकार किसानों से छलावा कर रही है। किसान समय आने पर इसका जवाब अवश्य देंगे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने विभिन्न खरीदी केंद्र सोसाइटियों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्रों में सरकार द्वारा किसानों को आधा बारदाना दे रही और आधा बारदाना किसानों को लाने को बोल रहा है जो कि बहुत ही नींदनीय है। इलेक्ट्रॉनिक कांटे में भी बहुत सारी खामियां है। कांटा करवाने पर पता चला कि 41 किलो 200 ग्राम कुल मिलाकर 800 ग्राम ऊपर धान तौला जा रहा है। समिति प्रबंधक के द्वारा नए बारदाना दिए जा रहे हैं लेकिन ऐसे बहुत से समिति है जहां बारदाना की बहुत किल्लत है। सरकार जो है कि किसानों को बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कर पा रही है। भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को एक मुश्त पेमेंट करने का वादा किया था जो किसानों को नहीं मिल रहा है। तीन से चार दिनों में किसानों के खाते में 2300 रुपये पेमेंट जमा कर रही है। शेष अंतर की राशि कब देगी इसका पता नहीं है। साथ ही साथ किसान ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में टोकन के लिए भटक रहे हैं। ऑनलाइन करने कोई किसान सुबह 9 बजे से बैठता है तो टोकन काटने में 10 क्विंटल ही बताते हैं जबकि किसानों को ज्यादा धान बेचना है और यह बहुत ही दिक्कत की बात है।

भारत सरकार रेट निर्धारण करता है 117 रुपया एमआरपी बढ़ा हुआ है उन्हें जोड़कर देना चाहिए। अगर सरकार जोड़कर देती है तो घोषणा पत्र में 3100 रुपये है। सोसाइटी में धान का उठाव नहीं हो रहा है जिसको लेकर समिति प्रबंधक भी परेशान हैं। धान का उठाव होगा तो पर्याप्त मात्रा में जगह मिलेगा और किसानों को धान बेचने में सुविधा होगी। सोसाइटीयों में किसान कुटि का निर्माण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने करवाया था। जिसमें किसानों को बैठने आराम करने पानी पीने, खाना आदि की सुविधा के लिए निर्माण कराया गया था, लेकिन आज किसान कुटी में बारदाना भर कर रखे हुए हैं, यह बहुत चिंतन व खेद का विषय है।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ जिले में भी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी हो गई है। श्री साहू ने आज अपनी टीम के साथ कुछ विभिन्न केन्द्रों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि केन्द्रों में अव्यवस्था से किसान परेशान हैं और परिवहन के अभाव में बफर लिमिट वाले केन्द्र बंद होने की कगार पर है। जिले के अधिकतर सेवा सहकारी समितियों एवं उनके उपार्जन केद्रों में अव्यवस्था का आलम है जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कई धान खरीदी केंद्र कभी भी बंद हो सकती हैं। पिछले पंचवर्षीय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नीत कांग्रेस की सरकार थी तब जिले सहित पूरे प्रदेश में किसानों को सोसाइटी में समर्थन दर पर धान बेचते कोई तकलीफ नहीं होती थी। किसानों को समय पर टोकन मिलता था। समय पर धान बिकता था। बारदाने की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था थी। परिवहन भी बराबर होता था। बफर लिमिट की समस्या परिवहन बढ़ाकर हल कर ली जाती थी। लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार में किसानों को सेवा सहकारी समितियों एवं उनके उपार्जन केद्रों में धान बेचने के लिए काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। सोसाइटी में बारदाने की कमी है आधा बारदाना किसानों से लेकर आने कहा जा रहा है। किसानों से खरीदे गए धान का जाम सोसाइटी के उपार्जन केद्रों में लग रहा है। धान खरीदी केंद्रों में अवस्था का आलम है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पंकज बांधव, प्रदेश प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, दिलीप चंद्राकर (बल्लू), ओमप्रकाश साहू, भोज साहू, हेमंत साहू आदि उपस्थित थे।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल व नीरज फाउण्डेशन स्कूल का वार्षिक खेल उत्सव सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक ब्रांच एवं नीरज फाउण्डेशन स्कूल द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी में दिनांक 1 दिसम्बर को क्लास 1 से 8 तक, एवं 2 दिसम्बर को प्री-प्रायमरी नर्सरी से केजी-2 के बच्चों ने अपना-अपना परफार्मेंस दिया। जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा शपथ लिया गया एवं मार्च पास्ट आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा साथ ही मार्शल टार्च पश्चात् विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम दिवस जिला क्रीडा अधिकारी देवेंद्र ठाकुर एवं रणविजय प्रताप सिंह रहे एवं द्वितीय दिवस में राजनांदगांव के प्रतिष्ठित सी.ए. राजेश बाफना थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिवस स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात् बच्चों द्वारा शपथ ली गई। तदुपरांत बच्चों द्वारा मनमोहक मार्च पास्ट किया गया। उक्त अवसर पर सभी मुख्य अथियों ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी को संस्कारित शिक्षा सहित बच्चों में राष्ट्रप्रेम एवं खेल गतिविधियों सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उनके योगदान हेतु बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी। तत्पश्चात संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी हिस्सा लेना आवश्यक है। जीतना या हारना खेल में मायने नहीं रखता है बल्कि खेल प्रतियोगिता में भाग लेना और खुद को खेल भावना द्वारा साबित करना महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में कक्षावार विद्यार्थियों को अलग-अलग समुहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न करायी गई। साथ ही साथ पालकों को भी इस खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया। प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र-छात्राओं एवं पालकों को आमंत्रित कर निर्णायक मण्डल द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र दिया गया।

उक्त सभी खेल प्रतियोगिताओं का संचालन एनपीपीएस-स्कूल के खेल शिक्षक दुर्गेश साहू सर के मार्गदर्शन में किया गया। क्लास 1 से 8 तक मुख्य मार्गदर्शक प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई एवं नर्सरी से केजी-2 तक मुख्य मार्गदर्शक एनपीपीएस-बल्देवबाग की एच.एम. श्रीमती वैशाली, एनपीपीएस- जयस्तंभ चौक की एच.एम. श्रीमती स्नेहा तिवारी, नीरज फाउंडेशन स्कूल की एच.एम. श्रीमती मधुजा माहेश्वरी एवं प्रशासक मनीन्दर सिंग ढल्ला एवं एनबीआईएस के खेल प्रशिक्षक डॉ. विकास वैष्णव एव उनकी टीम रही सहित प्रशासक नितिन चौहान ने महति भूमिका निभाई। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डॉयरेक्टर्स नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, कु. कुंतल बाजपेयी सहित एनबीआईएस प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, सहित सभी शिक्षकगण एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाला डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार जताया। उक्त जानकारी शाला प्रशासक द्वारा दी गई।

# श्रमिक संपर्क पखवाड़े को मजदूरों का व्यापक समर्थन



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना का 70वें वर्षगांठ पर सालभर विभिन्न स्तरों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये है, इसके सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव श्रमिक संपर्क पखवाड़े को लेकर जिले के संगठनकर्ताओं में व्यापक उत्साह है, प्रतिदिन भामसं कार्यकर्ताओं की अनेक टोलियॉ जिले व समीपवर्ती जिले में मजदूरों से जगह-जगह उनके कार्यस्थल पर जाकर संपर्क कर रहे है, इस दौरान भामसं कार्यकर्ता भारतीय मजदूर संघ के इतिहास से लेकर संघर्ष तक की पटकथा का पत्रक मजदूरों के मध्य वितरित कर रहे है। भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि पिछले तीन दिनों में भामसं कार्यकर्ताओं ने छुरिया विकासखंड के अनेक ग्रामों समीपवर्ती खैरागढ़ जिले के गिट्टी खदान बहुल ठेलकाडीह में व मोहला जिले के गैंदाटोला व रेंगाकठेरा सेक्टर में मजदूरों के बीच व्यापक जनसंपर्क किया व कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रहित, उघोगहित व मजदूरहित के विचारों से ओत-प्रोत होकर मजदूर क्षेत्र में काम करता है। भारतीय मजदूर संघ ट्रेड यूनियन आंदोलन को एक नयी सोच व दिशा दी है, अपने प्रारंभिक कार्यकाल में भामसं के लोग जब भारतमाता की जय का नारा लगाते थे तो वामपंथी ट्रेड यूनियने इसका मजाक बनाया करते थे, किन्तु कालान्तर में भारतामाता की जय का उद्घोष ट्रेड यूनियन आंदोलन का अमोघ शस्त्र बन गया है।

असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को दिलाये गये अधिकार की चर्चा करते हुये भामसं नेताओं ने आगे कहा कि देश के असंगठित क्षेत्र में निर्माण मजदूरों की बहुत बड़ी संख्या है, किन्तु इस वर्ग के लोगों को काम के बदले उचित दाम तो मिलता ही नहीं था और न ही इनके सामाजिक सुरक्षा की कोई समुचित व्यवस्था थी, किन्तु भामसं ने संघर्ष करके इस वर्ग के लोगों के लिये कानून ही नही बनवाया बल्कि वेलफेयर बोर्ड हर राज्यों में स्थापित कर इस वर्ग के लोगों के साथ एक बड़ा न्याय किया। आज देश के करोड़ों मजदूर दर्जनों सामाजिक सुरक्षा की योजना का लाभ उठा रहे है। इसी प्रकार असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत् हमाल, सफाईकर्मी, नाई, धोबी, मोची, परम्परागत व्यवासय में जुटे ग्रामीण व शहरी मजदूरों के हितार्थ भी कोई योजना नही थी किन्तु भामसं के संघर्ष ने इन वर्गो के साथ तमाम गृह व कुटीर उद्योगों में खेतो में काम करने वाले मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा की परिधि में लाया है। इस दौरान प्रमुख रूप से भामसं के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, अल्का बारसागड़े, धनेश्वरी साहू, भारती शर्मा, हेमंत साहू, चेतन साहू, पुनाराम वर्मा, चन्द्रशेखर, गोविन्द साहू, विश्राम, केशवराम सिन्हा, ठाकुरराम सहित बड़ी संख्या में खैरागढ़ व मोहला सहित राजनांदगांव जिले के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अनमोल दावा

**सच्चा धर्म यह है, कि जिन बातों को इंसान अपने लिए अच्छा नहीं समझता है, उन्हे दूसरों के लिए भी इस्तेमाल ना करें।**

## चीन-नेपाल की नजदीकी का क्या है मतलब ?

भारत और नेपाल पनबिजली क्षेत्र में एक और मजबूत साझेदारी की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इसके अलावा आज भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। सीमा विवाद जैसे मुद्दे के बावजूद भारत और नेपाल के द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आई है। दोनों देश विज्ञान और तकनीक जैसे नए क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रहे हैं।

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपनी पहली विदेश यात्रा पर चीन पहुंच गए हैं। इस यात्रा को नेपाल को चीन के और नजदीक ले जाने का सूचक माना जा रहा है, क्योंकि परंपरागत तौर पर नेपाल के नए प्रधानमंत्री पहली विदेश यात्रा पर भारत आते रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत विरोध और चीन से मित्रता ओली की व्यक्तिगत रुचि रही है। ओली हमेशा चीन के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने भारत विरोध का सहारा लेकर ही अपनी राजनीति मजबूत की है, फिर चाहे वह 2015 में की गई सीमा की नाकाबंदी हो, 2019 में सीमा-विवाद का राजनीतिकरण करना हो या फिर नेपाल का एक विवादित नक्शा लाना हो, जिसमें नेपाल ने भारत के कुछ संप्रभु क्षेत्रों को अपना दिखाया।ओली का राजनीतिक झुकाव चीन की ओर होना भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन उनकी इस यात्रा को नेपाल का भारत से दूर जाना मान लेना भारत की ‘पड़ोसी प्रथम' नीति को कमजोर करार देने के बराबर है। तथ्य बताते हैं कि जितनी भी बार ओली और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल (एमाले) ने चीन के साथ समझौते या राजनीतिक संबंधों की वकालत की है, वह मुख्यत- प्रतीकात्मक ही रही है और परिणामों पर कम खरी उतरी है।चूंकि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता एक सामान्य बात है और हर छह-आठ महीनों में एक नई सरकार आती है, ऐसे में हर प्रधानमंत्री का भारत आना नेपाली विदेश नीति के लिए दूसरे पड़ोसी देश की अनदेखा करने का संकेत माना जा सकता है। इससे उसके हित प्रभावित हो सकते हैं। यहां यह भी देखना जरूरी है कि ओली नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ एक गठबंधन वाली सरकार चला रहे हैं और नेपाली कांग्रेस भारत के साथ मजबूत संबंधों की वकालत करती रही है।चूंकि मौजूदा सरकार में विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस से हैं, ऐसे में नेपाली कांग्रेस भारत के साथ इतना बड़ा जोखिम लेने से बचेगी। इसलिए नेपाल दो पड़ोसियों के बीच संतुलित विदेश नीति बनाए रखने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या ओली का चीन के प्रति झुकाव नेपाल के लिए फायदे का सबब बना है? उत्तर नकारात्मक ही है, क्योंकि नेपाल और चीन के बीच जितने भी बड़े समझौते पिछले दस वर्षों में हुए हैं, उनमें ज्यादातर ठंडे बस्ते में पड़े हैं और यह बात चीन को सताती रही है।मई 2017 में चीन ने नेपाल के साथ बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर समझौता किया, जिसे चीन की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के तौर पर देखा गया, क्योंकि भारत लगातार बीआरआई के अंतर्गत बने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की आलोचना करता रहा है।

बीआरआई समझौते के तहत चीन को नेपाल में बड़े बुनियादी ढांचे वाली तमाम परियोजनाओं में निवेश करना है, जिनमें ट्रांस-हिमालयन बहुआयामी कनेक्टिविटी नेटवर्क खास है, जो नेपाल को रेल एवं सड़क मार्ग से तिब्बत प्रांत से जोड़ने वाला है। इससे ऐसा लगा कि नेपाल चीन के रास्ते भारत पर अपनी निर्भरता कम करने का मार्ग खोज रहा है, लेकिन करीब सात वर्ष बीत जाने के बाद भी नेपाल में ऐसी एक भी परियोजना लागू नहीं हो सकी है। इसके दो कारण हैं। पहला, नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता के चलते परियोजनाओं की पहचान नहीं हो पाई है। दूसरा, नेपाल लगातार चीन से बीआरआई के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं के लिए सहयोग वित्तीय सहायता के तौर पर चाहता है। जबकि चीन कर्ज देने में रुचि रखता है। श्रीलंका का उदाहरण देखते हुए नेपाल इससे डर रहा है।

# बांग्लादेश किस हद तक भारत पर निर्भर, संबंध और बिगड़े तो किसका होगा ज़्यादा नुक़सान

भारत में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नेता कह रहे हैं कि अगर भारत ने बांग्लादेश में ज़रूरी आपूर्ति रोक दी तो इसका बहुत गहरा असर पड़ेगा. बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश में एक छोटा तबका भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल है और इससे भारत के हित प्रभावित नहीं होंगे. दिलीप घोष ने कहा कि अगर भारत ने बांग्लादेश में आलू, प्याज, दवाई, पानी और कॉटन जैसी ज़रूरी आपूर्ति रोक दी तो बांग्लादेश पर इसका बहुत बुरा असर पड़ेगा.

घोष ने कहा, भारत ने बांग्लादेश से संबंध इसलिए नहीं तोड़े हैं क्योंकि दोनों देशों का ऐतिहासिक रिश्ता रहा है. अगर बांग्लादेश में इसी तरह से अत्याचार जारी रहा तो अंततः बांग्लादेश की स्थिरता और पूरी अर्थव्यवस्था को नुक़सान होगा. बांग्लादेश की जैसी भौगोलिक स्थिति है, उसमें भारत के साथ उसके संबंध काफ़ी अहम हो जाते हैं. बांग्लादेश को इंडिया लॉक्ड मुल्क कहा जाता है. दरसअल, बांग्लादेश की 94 प्रतिशत सीमा भारत से लगती है. भारत और बांग्लादेश के बीच 4,367 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है और यह उसकी अंतरराष्ट्रीय सीमा का 94 फ़ीसदी है. यानी बांग्लादेश लगभग चारों तरफ़ से भारत से घिरा हुआ है.

ऐसे में बांग्लादेश सुरक्षा और व्यापार के मामले में भारत पर निर्भर है. वहीं बांग्लादेश से भारत को पूर्वोत्तर के राज्यों में सस्ता और सुलभ संपर्क में मदद मिलती है. पूर्वोत्तर के राज्यों से बाक़ी भारत को जोड़ने में बांग्लादेश की अहम भूमिका है. बांग्लादेश और भारत के बीच पानी की साझेदारी, सीमा से होने वाले कारोबार और शरणार्थियों के मुद्दे अहम रहे हैं.साझी भौगोलिक स्थिति के कारण दोनों देशों के साथ ये मुद्दे जुड़े रहेंगे. बांग्लादेश चावल, गेहूँ, प्याज, लहसुन, चीनी, कॉटन, अनाज, रिफाइंड पेट्रोलियम, इलेक्ट्रिक उपकरण, प्लास्टिक और इस्पात के लिए भारत पर निर्भर है.कोविड महामारी से पहले बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था मज़बूत स्थिति में थी और इसमें सबसे बड़ा योगदान पश्चिम के देशों में बांग्लादेश से कपड़ों का निर्यात का था.बांग्लादेश का कपड़ा उद्योग भारत से जाने वाले कच्चे माल पर निर्भर है. दिलीप घोष को यह बात पता है और वह इसी का हवाला दे रहे हैं.अगर भारत से बांग्लादेश का संबंध और बिगड़ता है तो उसका निर्यात प्रभावित होगा. इसका असर जीडीपी पर पड़ेगा और फिर महंगाई के साथ बेरोज़गारी बढ़ेगी. बांग्लादेश के लिए भारत से संबंध ख़राब होने की क़ीमत चुकाना आसान नहीं होगा.बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है.



बांग्लादेश एशिया में सबसे ज़्यादा निर्यात भारत में करता है. बांग्लादेश ने वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में दो अरब डॉलर का निर्यात किया था. वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 15.9 अरब डॉलर का था.

2021 में बांग्लादेश में भारत का निर्यात 14 अरब डॉलर का था जो कि 2022 में 13.8 अरब डॉलर था. 2023 में यह घटकर 11.3 अरब डॉलर हो गया. बांग्लादेश में भारत के निर्यात कम होने के पीछे की मुख्य वजह मांगों में आई कमी थी. जानकार बताते हैं कि मांग में ये कमी रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग से सप्लाई चेन में आई बाधा के कारण हुई. बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी के पहले वाले दौर में अब भी नहीं आ पाई है. इसी बीच शेख़ हसीना को सत्ता से बाहर होना पड़ा. भारत के साथ ख़राब होते संबंधों के कारण बांग्लादेश को आर्थिक मोर्चे पर एक और चोट लग सकती है.भारत ने पिछले आठ सालों में बांग्लादेश को आठ अरब डॉलर की मदद की है. ये मदद भारत ने बांग्लादेश में विकास परियोजनाओं को लेकर की है.इनमें रोड, रेल, शिपिंग और पोर्ट्स के निर्माण शामिल हैं. शेख़ हसीना के कार्यकाल में बांग्लादेश की आर्थिक तरक़्क़ी की काफ़ी तारीफ़ होती रही है.शेख़ हसीना के कार्यकाल 2009 से जुलाई 2024 के बीच बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी. जीडीपी का आकार 123 अरब डॉलर से बढ़कर 455 अरब डॉलर हो गया. 2009 में बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति जीडीपी भी 841 डॉलर से बढ़कर 2024 में 2,650 डॉलर हो गई.

भारत के लिए हमेशा से चिंता की बात रही है कि बांग्लादेश कहीं चीन के ज़्यादा क़रीब न चला जाए. शेख़ हसीना जब तक प्रधानमंत्री रहीं तब तक चीन और भारत से संबंधों में संतुलन बनाकर रहीं लेकिन अब भारत की चिंता ज़्यादा गहरी हो गई है. अब बांग्लादेश की क़रीबी चीन के साथ ही नहीं बल्कि पाकिस्तान के साथ भी बढ़ती दिख रही है.

पिछले महीने ही पाकिस्तान का एक मालवाहक पोत कराची से बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित चटगांव बंदरगाह पर पहुँचा था.

1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के बाद से दोनों देशों के बीच यह पहला समुद्री संपर्क हुआ था. इससे पहले दोनों देशों के बीच समुद्री व्यापार सिंगापुर या कोलंबो के ज़रिए होता था. यह पाकिस्तान के साथ क़रीबी बढ़ने की ठोस शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है. बांग्लादेश में निवेश का चीन सबसे बड़ा स्रोत है. बांग्लादेश चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा है. चीन ने बांग्लादेश में सात अरब डॉलर का निवेश किया है और 2023 में चीन ने बांग्लादेश में 22 अरब डॉलर का निर्यात किया था. किंग्स कॉलेज लंदन में अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रोफ़ेसर हर्ष पंत कहते हैं कि पिछले डेढ़ दशक में बांग्लादेश ने आर्थिक प्रगति की जो राह पकड़ी थी, वो राह भारत से ख़राब होते संबंधों के कारण अड़चनों से भरती दिख रही है. प्रोफ़ेसर पंत कहते हैं, भारत के एक बड़ा मुल्क है. किसी छोटे देश से संबंध बिगड़ता है तो बड़े पर असर कम पड़ता है. पाकिस्तान से पिछले सात सालों से भारत के राजनयिक संबंध नहीं हैं लेकिन इसका असर भारत पर नहीं पड़ा. पाकिस्तान पर ज़रूर पड़ा है. अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध ख़राब करने की हर क़ीमत चुकाने के लिए तैयार है, तो उसे कौन रोक देगा.

प्रोफ़ेसर पंत कहते हैं, भारत से जो सामान जिस क़ीमत में बांग्लादेश पहुँचता है, उस क़ीमत में कोई भी देश नहीं दे सकता है. भारत से बांग्लादेश सामान जाने में परिवहन का खर्च कम होता है लेकिन वही सामान चीन से आएगा या दूसरे देशों से तो ज़्यादा महंगा हो जाएगा. अगर बांग्लादेश को ये बर्दाश्त है तो ठीक है. बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई चीन नहीं कर सकता है. कई लोग कहते हैं कि शेख़ हसीना भारत का पक्ष लेती थीं लेकिन लोग ये भूल जाते हैं कि हसीना के कार्यकाल में ही चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा डिफेंस पार्टनर था. प्रोफ़ेसर पंत कहते हैं, बांग्लादेश का कपड़ा उद्योग भी भारत के कच्चे माल पर निर्भर है. बांग्लादेश की जीडीपी में वहाँ की टेक्स्टाइल इंडस्ट्री का योगदान 11 प्रतिशत है. भारत अगर चाह ले तो बांग्लादेश को कई मोर्चों पर चोट दे सकता है लेकिन मुझे नहीं लगता है कि चीज़ें इस हद तक ख़राब होंगी. बांग्लादेश भारतीय कॉटन का सबसे बड़ा बाज़ार है. भारतीय कॉटन के कुल वैश्विक निर्यात में क़रीब 35 प्रतिशत हिस्सेदारी बांग्लादेश की है. ज़ाहिर है इसका असर भारत पर भी पड़ेगा लेकिन कई लोग मानते हैं कि इससे भारत के भीतर कॉटन की क़ीमत में कमी आएगी और घरेलू टेक्स्टाइल इंडस्ट्री के लिए अच्छा रहेगा.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 331 : महाराज दशरथ के सांसों की डोर श्री राम की वापसी के समाचार में टिकी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



महाराज दशरथ ने महारानी कौशल्या से पूछा, ''क्या राम आ गया है?''

महारानी ने उत्तर दिया, ''नहीं महाराज!'' ऐसा कहते हुए महारानी स्वयं भी जानती हैं कि पुत्र राम का वापस लौटना असंभव है।

महाराज दशरथ ने फिर पूछा, ''क्या आर्य सुमंत लौट आए हैं?''

उन्हें फिर वही उत्तर मिला, ''नहीं महाराज! अभी तक उनके आने की भी कोई सूचना नहीं है।''

महाराज के चेहरे पर चमक आ गई, ''तब तो बढ़िया है कौशल्या क्योंकि आर्य सुमंत सुलझे हुए व्यक्ति हैं। वे राम, सीता और लक्ष्मण को वापस लेकर ही आएंगे। अगर ऐसा नहीं हो पाया तो भी वे उन्हें सुरक्षित स्थान में पहुंचाकर आएंगे, जहां हम आसानी से उनसे भेंट कर सकेंगे। क्या ऐसा होगा ना कौशल्या?''

महारानी ने कहा, ''जी महाराज!''

महाराज दशरथ के सांसों की डोर अब आर्य सुमंत के आने पर टिकी हुई है कि वे राम को लेकर वापस आते हैं या नहीं।

इधर गंगा तट पर श्रृंगवेरपुर नरेश और लक्ष्मण जी में देर तक बातें होती रहीं। बीच-बीच में दोनों ही उठकर अलग-अलग दिशाओं में अपने धनुष बाण लेकर जाते - आते रहे। अग्नि शिखा इस विश्राम स्थल के हर कोने में प्रज्वलित है। गंगा नदी के धवल जल पर भी रात का स्याह आवरण है। जब गंगा नदी में लहरें उठती हैं तो हवा का एक तीव्र झोंका इधर भी आता है और दीपशिखाएं हिल उठती हैं, लेकिन जहां श्री राम हैं, वहां प्रज्वलित अग्निशिखाओं के बुझने का प्रश्न ही नहीं है।

''लक्ष्मण भैया! श्रृंगवेरपुर क्षेत्र में भी वन हैं। मैं आप तीनों के लिए 14 वर्ष के वनवास की व्यवस्था यहीं करवा दूंगा।'' निषाद राज ने कहा।

''धन्यवाद राजन लेकिन भैया राम एक बड़े लक्ष्य को लेकर अयोध्या से बाहर निकले हैं। वे एक स्थान पर केंद्रित नहीं रह सकते हैं।'' लक्ष्मण जी ने समझाया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# दिखावे में रहता दुख, सदन में बसता सुख!

अखबार पढ़कर,
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
आज एक अच्छी खबर -
'द साबरमती रिपोर्ट' - फिल्म के
मेकर और एक्टर विक्रांत मैसी का
चेहरा अपूर्व आनंद से खिला।
उन्होंने कहा- ''मै आज अपने केरियर की
पीक पर पहुंच गया।
मुझे अपनी मूवी पीएम के साथ
देखने का मौका मिला।''
मालूम, मुझे बड़ा अच्छा लगा गजाधर।
जब मैसी ने बताया सोशल मीडिया पर
कि वे अब फिल्म से ब्रेक लेंगे
और एक अच्छा पति, पिता और
बेटा बनने पर फोकस करेंगे।
उनके इस बयान से,
उनके सन्यास लेने की चर्चा,
शुरू हो गई है।
इस पर मेरी मन-बुद्धि भी
चिन्हत में खो गई है।
आप अपनी प्रतिक्रिया बताएँ?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
मनुष्य का मन झूठे शान और अहंकार में
मतलब मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा पाने में
धन-दौलत कमाने में
और जमीन-जायदाद बनाने में
खोया रहता है इसमें उसे मिलता है
जब तब परेशानी और दुख।
पर जब वह दिखावे की
भौतिक जीवन से जगता है।
और अपने 'सद्भावना' में आकर
माता-पिता, पत्नी बच्चों के साथ
भ्रमन मन रहता है,
तब उसे मिलता है,
जीवन का असली सुख।''




-गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -255

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती हैं, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 254 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | दद्दू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू- दोकू क्र. 255

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.254 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## राशिफल



**मेष**
आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आज आपकी व्यापारिक यात्रा से फायदा होगा, लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तालमेल रहेगा। आपके विचारों में सकारात्मकता रहेगी।



**वृष राशि**
आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सेहत के मामले में दिन अच्छा है। किसी को अपनी बातों से सहमत करवाना चाह रहे हैं तो सावधानी बरतें क्योंकि जबरदस्ती से आपको ही नुकसान हो सकता है। काफी समय पहले दिए इंटरव्यू से जॉब का ऑफर आयेगा। आपकी कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार रहेंगे।



**मिथुन**
आज आपका दिन आपके लिए बेहद खास होगा। आप किसी जरूरी काम में व्यस्त रहेंगे। आपको इनकम के नए सोर्स प्राप्त होंगे।आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ होगा। आपको अपने घरेलू काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे।



**कर्क**
आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनका सपोर्ट मिलेगा। आज आप परिवार वालों के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी।



**सिंह**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नए काम या कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करें। आपको फायदा भी हो सकता है। किसी बिगड़े रिश्ते को सुधारने में आप सफल हो सकते हैं। शाम को परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा।



**कन्या**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप पर ईश्वर की असीम कृपा है, जिससे आपके बिगड़ते सभी काम बन जायेंगे। आज पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ संबंधों में सुधार हो सकता है। आज आप अपने किसी मित्र की आर्थिक सहायता कर सकते हैं।



**तुला**
आज का दिन बेहद खास होने वाला है। परिवार में किसी ख़ास रिश्तेदार के आने से खुशी का माहौल बनेगा। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं। हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे।




**वृश्चिक**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा। आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।




**धनु**
आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। डिप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा।



**मकर**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करेंगे। कोई अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह जरूर करेंगे। पार्टनरशिप में भी फायदा होने के योग बन रहे हैं। अपने स्वभाव को बैलेंस रखें आपके सभी काम बनेंगे। पुत्र पक्ष से सुख मिलेगा।



**कुंभ**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज काम-धंधे पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज निपट सकते हैं। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है।




**मीन**
आज आपका दिन जोश से भरा रहने वाला है। कुछ लोगों पर और कुछ काम पर संदेह रहेगा। असुरक्षा की भावना भी रहेगी। कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जायेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी।



# ब्लॉक के कोकपुर स्कूल में बड़ी प्रशासनिक लापरवाही

डोंगरगांव (दावा)। शिक्षा विभाग विकासखंड डोंगरगांव के अंतर्गत आने वाले कोकपुर प्राथमिक शाला में गंभीर प्रशासनिक लापरवाही सामने आयी है, जिसका खुलासा स्कूल में लगाए गए सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी में हुआ है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले शिक्षक के प्रति संबंधित अधिकारियों का रुख भी सहानुभूतिपूर्ण दिखाई दे रहा है। दो वर्ष बीतने के बाद भी विभाग के द्वारा संबंधित शिक्षक के विरुद्ध ना तो नोटिस जारी किया गया और ना ही कोई कार्यवाही की गई है, मामला वित्तीय प्रभार से जुड़ा है और मिली जानकारी के अनुसार स्कूल में आये अतिआवश्यक मदों की राशि का दुरुपयोग किया गया है। इस मामले में संबधित तत्कालीन प्रधानपाठक के विरुद्ध जांच और एफआईआर किया जाना चाहिए ताकि बच्चों के विकास के लिए आये मद को गलत उपयोग करने पर उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी आज पर्यन्त इस मामले में कोई विशेष कार्यवाही नहीं कर पाये हैं, कार्यवाही के अभाव में लापरवाह शिक्षकों के हौसले बुलंद हैं और रिकार्ड नहीं होने से वित्तीय अनियमितता से भी इंकार नहीं किया जा सकता।



- तीन वर्षों का रिकार्ड उपलब्ध नहीं, अब तक कोई कार्यवाही नहीं
- वित्तीय अनियमितता में भी गंभीर नहीं है अधिकारी

दरअसल मामला कोकपुर प्राथमिक शाला के तत्कालीन प्रधानपाठक का है, जिनके कार्यकाल के दौरान विभिन्न वित्तीय अनियमितता पाई गई थी, मिली जानकारी के अनुसार उनके द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग करते हुए ना तो कोई बिल लगाया है और ना ही इसका आडिट कराया गया था। विभाग की ओर से शाला में मिलने वाले फंड से न तो बच्चों के लिए कोई स्कूल सामग्री ही खरीदा गया और ना ही उसका आडिट कराया, जिसकी शिकायत लगातार जागरूक जनप्रतिनिधियों ने की, बावजूद इसके उक्त प्रधानपाठक संजीव गंधर्व के विरुद्ध ना तो कोई विभागीय कार्यवाही हुई और ना अधिकारियों द्वारा कोई सवाल जवाब किया गया, जिससे यही प्रतीत होता है कि उक्त प्रधानपाठक को बचाने में पूरा तंत्र सक्रिय है। इसके पीछे की वजह आमजन अच्छे से समझती है।

वित्तीय अनियमितता में भी गंभीर नहीं है अधिकारी - प्रधानपाठक श्री गंधर्व प्राथमिक शाला कोकपुर में वर्षों तक कार्यरत रहे, उसके बाद उनका प्रमोशन हुआ और उन्होंने मिडिल स्कूल आरी में पदभार ग्रहण कर अपना कार्य कर रहे हैं। इस दौरान विभिन्न वित्तीय अनियमितता, बिल, वाउचर, संधारण पंजी इत्यादि वर्तमान प्रधानपाठक श्रीमती बोरकर को नहीं सौंपे। इसके साथ ही उनके द्वारा बगैर आडिट कराए कोकपुर स्कूल से पदभार छोड़ दिया गया। इधर आरटीआई में मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान प्रधानपाठक श्रीमती बोरकर को शाला में प्राप्त विभिन्न अनुदान मद की केशबुक, स्टॉक पंजी, गाडफाईल आदि को 30.12.2022 तक पूर्ण कर सौंपने की बात कही गई, किन्तु आज पर्यन्त शासकीय प्राथमिक शाला कोकपुर को यह रिकार्ड नहीं सौंपा गया है जिसके चलते वर्ष 2019 से 2022 तक का कोई भी रिकार्ड शाला में उपलब्ध नहीं है जो कि गंभीर अनियमितता है लेकिन तीन वर्ष के अनुपलब्ध रिकार्ड के विषय में दो वर्षों के बाद भी शिक्षा विभाग के कोई भी उच्च अधिकारी अब तक जानकारी नहीं ले पाये हैं।

# विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु शाह ने सीएम साय से किया निवेदन




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक संजीव शाह ने अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान जिलेवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों हेतु खनिज मद, मंडी बोर्ड एवं मुख्यमंत्री समग्र विकास योजनांतर्गत मदों से राशि स्वीकृत करने हेतु निवेदन किया जिसमें-खनिज मद से आहाता निर्माण (हायर सेकेण्डरी स्कूल), कौड़ीकसा, वि.ख. अं.चौकी, आहाता निर्माण हाईस्कूल गोपलिनचुवा, वि.ख. अं.चौकी, आहाता निर्माण हाईस्कूल, अरजकुण्ड, विकासखण्ड अं.चौकी, आहाता निर्माण हाईस्कूल, तारमटोला, विकासखण्ड अं.चौकी मंडी बोर्ड मद से-व्यावसायिक परिसर निर्माण, पीपरखा, विकासखण्ड अं.चौकी पुलिया निर्माण, चमरूटोला, ग्राम पंचायत दोड़के, वि.ख.अं.चौकी, सी.सी. रोड, वार्ड क्र.11, देववाड़वी, वि.ख. अं.चौकी, सी.सी. रोड निर्माण (कर्मा माता मंदिर से शीतला मंदिर तक), पण्डरीतराई, ग्राम पंचायत बाघनारा, वि.ख.अं.चौकी, सी.सी. रोड निर्माण (गणेश चौक से यादव पारा), परेंमेटा, पंचायत देववाड़वी, वि.ख.अं.चौकी, सी.सी.रोड आमाटोला, वि.ख.अं.चौकी सी.सी. रोड, सिंघाभेड़ी, वि.ख. अं.चौकी, सी.सी.रोड, चिल्हाटी, वि.खअं. चौकी, सी.सी.रोड,भड़सेना, वि.ख. अं. चौकी मुख्यमंत्री समग्र विकास योजनांतर्गत- मंगल भवन निर्माण, कातुलवाही, ग्राम पंचायत पीपरखार, वि ख.अं.चौकी, मरार समाज भवन निर्माण, बिहरीकला, वि.ख. अं.चौकी, सामुदायिक भवन व अहाता निर्माण, दुरेंटोला, ग्राम पंचायत पीपरखार, वि.ख. अं.चौकी, शा.लाल चक्रधरशाह महा.वि. अतिरिक्त कक्ष निर्माण, अं. चौकी, सामुदायिक भवन निर्माण, सेम्हरबांधा, वि.ख. अं.चौकी, सामुदायिक भवन निर्माण (शीतला मंदिर पारा), बसेली, आहाता निर्माण (प्राथ. शाला), पिटेमेटा हल्लोरा, वि.ख.मानपुर, आहाता निर्माण (माध्यमिक शाला) कारेकट्टा, विख मानपुर, आहाता निर्माण (प्राथ.शाला) घोड़ाझरी, ग्राम पंचायत नवागाव, विखमानपुर, सामुदायिक भवन निर्माण गुण्डरदेही, वि.ख.अं.चौकी, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम पाटनखास, वि.ख. अं. चौकी में निम्न लिखिर विकास कार्यों की राशि स्वीकृति हेतु निवेदन किया।

## पहला कॉलम...

### श्रीमद्भागवत प्रत्यक्ष श्रीकृष्ण - आचार्य गोपेश शरण जी

**भागवत कथा का लाभ प्राप्त कर रहे नगरवासी**

छुईखदान (दावा)। संसार में कही भी श्रीमद्भागवत कथा से उत्तम मार्ग कही और नही और जब कथा श्री वृन्दावन धाम मे हो तो उसका फल हजार गुणा बढ़ जाती है, कथा और अनुभवी भक्त संतों ने यही



प्रतिपादित किया है, बड़े-बड़े संत महात्माओं को वह नहीं मिला जो वृन्दावन के एक सामान्य सेवकों को सहज सरल परम् अनुभव होता है, यह सब ठाकुर श्री कृष्ण चंद्र जी कृपा से ही संभव हो जाते है।

उक्त बातें यहाँ श्री वृन्दावन धाम मे भागवत परिवार रायपुर के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पुण्य अवसर पर मुख्य प्रवाचक आचार्य गोपेश शरण देवाचार्य ने कही। आपने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आजकल लोग वृन्दावन घूमने आने लगे है, दर्शन के लिए नहीं आते, तो बिहारी जी भी उन्हें घुमाते है, मिलते नहीं जबकि भगवान ने स्वयं कहा है कि मै ही पंचम वेद भागवत स्वरूप हूं आपको कही और नहीं भटकना है, वही अनुभवी संतों महात्माओं ने देव दुर्लभ वृन्दावन में श्रीमद्भागवत का फल हजार गुणा बताया है जिसमें भगवान कृष्ण-राधा सहित समस्त देवी देवता साक्षात विराजमान होते है।

ज्ञात हो छग के ख्यातिलब्ध भगवताचार्य एवं भागवत परिवार के संस्थापक गोपेश शरण देवाचार्य जी सान्निध्य में आपके छ ग व अन्य प्रदेश से हजारों शिष्यगण विगत सोलह सालों से श्री धाम वृन्दावन में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन व श्रवण के लिए आ रहे है। उक्त पुनीत कार्य में छुईखदान रियासत के राजपुरोहित पं विपिन तिवारी के आचार्यत्व व मुख्य यजमान राकेश मिश्रा आदि प्रमुख रूप से संपूर्ण कार्यभार का निष्पादन कर रहे है। इस अवसर पर देवाचार्य गोपेश शरण जी ने बताया कि श्रीधाम वृन्दावन और भागवत नित नूतन है, प्राण है, जीवन है, भक्ति है, भाव है, प्रेम है, रस है और इसी जीवन में मुक्ति है। नित नूतन है, प्राण है, जीवन है, भक्ति है, भाव है, प्रेम है, रस है और इसी जीवन में मुक्ति है।

वृंदावन में चल रहे भागवत महापुराण को उनके शिष्यगण एवं क्षेत्र के रहवासी पं. संजीव दुबे, श्रीमति श्रद्धा दुबे, शरद श्रीवास्तव, श्रीमति मधुलिका श्रीवास्तव, संजय महोबिया, श्रीमति पार्तीका महोबिया सहित क्षेत्र वासी भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य प्राप्त कर रहे है।

### बाल मेला के अवसर पर शा. प्राथमिक शाला पथरी व ग्रामवासी एकजुट होकर बच्चों का किया उत्साहवर्धन

राजनांदगांव (दावा)। बाल मेला के अवसर पर ग्राम पंचायत



पांगरी खुर्द के आश्रित ग्राम पथरी के प्राथमिक शाला में दिनांक 30 नवम्बर को बाल दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भोलाराम साहू विधायक खुज्जी विधानसभा, अध्यक्ष श्रीमती अंजलि धावड़े(सरपंच), हरीश कुमार सोनी (प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल साल्हे) एवं गांव की महिला समूह के महिलाओं का भी विशेष योगदान मिला।

इस बाल दिवस में भोलाराम साहू विधायक के द्वारा बच्चों तथा ग्राम वासियों को बाल दिवस के महत्ता तथा लोगों को बाल दिवस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही शाला के उत्कृष्ट आयोजन को देखकर प्राचार्य की प्रशंसा करते हुए प्रधान पाठक राजकुमार ठाकुर ने बताया कि जिस भी स्कूल में गए वहां बच्चों और ग्रामवासियों को एकजुट कर बच्चों की शिक्षा को और भी निखारने का प्रयास किए। पढ़ाई के साथ-साथ माता पिता का स्पोर्ट मिलने से बच्चों के लिए पढ़ाई आसान हो जाती है।

इस बाल मेला में हरीश सोनी के द्वारा बच्चों तथा उनके पालकों को बधाई देते हुए बताया कि आज तक शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामवासियों को एकजुट होकर अपने बच्चों का उत्साहवर्धन कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहने की बात कही। बाल दिवस के इस अवसर पर श्री ठाकुर के द्वारा ग्रामीणों को एकता के महत्व से अवगत कराते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा कार्यरत रहने का निश्चय किया, साथ ही श्री ठाकुर को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शासन द्वारा अनेक पुरस्कारों से सुशोभित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के अवसर पर देवारूराम मालेकर, तालेश्वर देवांगन, कौशलराम वर्मा, गुहाराम देवांगन, महेश्वर साहू, नारायण लाल साहू, पोषण निषाद, दिलीप नेताम, सुरेश रामटेके, तुलसी राम, पूर्णिमा वर्मा, अंजना देवी, निर्मला बंजारे अशोक देवांगन, रामगुलाल धावड़े और गांव के महिला भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में राजकुमार ठाकुर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पथरी एवं भगवानी राम कन्नौजे सहायक शिक्षक ग्राम पथरी का विशेष योगदान रहा।

# नगर पालिका में भ्रष्टाचार मामले को लेकर विधायक ने कांग्रेसियों संग कार्यवाही की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने पत्रवार्ता लेकर सीएमओ प्रमोद शुक्ला व नगर पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये है। वार्ता बाद कलेक्टर को विभिन्न योजना के तहत हुए भ्रष्टाचार की 7 दिवस के भीतर जांच कर कार्यवाही करने विधायक ने सामूहिक ज्ञापन दिया। इस दौरान कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के प्रतिनिधि के रूप में ज्ञापन लेने पहुंचे एडिशनल कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल व एसडीएम टांकेश्वर साहू को जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कहा की पूरे साल भर ज्ञापन दे रहे है लेकिन किसी शिकायत में कोई कार्यावाही व जांच नही हो रही है जिस पर एडीएम श्री पटेल ने कहा की आप लोगों की शिकायत पर जांच चल रही है। पूर्व में स्वच्छता श्रृंगार भ्रष्टाचार की शिकायत में जांच टीम गठित की गई है और जीम सामग्री खरीदी की जांच शासन स्तर पर चल रही है उसमें भी कार्यवाही होगी।



- 0 विधायक का आरोप- सीएमओ ने फर्जी तरीके से निकाली विकास कार्यो की राशि
- 0 7 दिन में जाँच के कार्यवाही की रखी मांग वर्ना उग्र आंदोलन की चेतावनी
- 0 इधर सीएमओ की तबीयत बिगड़ी 3 दिन का लिया अवकाश

ज्ञापन देने के दौरान यशोद वर्मा ने अपर कलेक्टर को बताया की सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने लगातार नगर विकास के रूपए को विभिन्न योजनाओं की राशि फर्जी तरीके से आहरण कर नगर पालिका अध्यक्ष और भाजपा के चुनिंदा लोग से मिलकर आपस में बंदरबांट किया है। नगर पालिका में दीपावाली से पूर्व स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत 10 लाख से अधिक राशि भिलाई के शोभा वेलफेयर फर्म को भुगतान किया गया है जबकि इस फर्म के कोई भी कर्मचारी शहर के शौचालय में नही है। कमीशनखोरी के चलते उक्त फर्म को मोटी रकम देकर फर्जी भुगतान किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ ने मौजूद अधिकारियों को कहा कि अगर 7 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी मामले में उग्र आंदोलन करेगी। गौरतलब हो कि विधायक यशोदा वर्मा शनिवार को शौचालय के निरीक्षण में निकली थी और निरीक्षण के दौरान नगर के लगभग सभी शौचालय में गंदगी भरी थी, कई शौचालय में पानी व लाईट, दरवाजे की व्यवस्था तक नही थी। प्रेसवार्ता के दौरान विधायक ने सवाल उठाया की सारी कमी शौचालय में है तो किस काम के लिए शोभा वेलफेयर सोसायटी को 10 लाख से अधिक राशि का भुगतान किया गया है।

### विधायक का आरोप भाजपा के नेता को पहुंचाया लाखों का फायदा

सीएमओ प्रमोद शुक्ला पर यशोदा वर्मा ने भाजपा नेता को लाभ पहुंचाने का भी गंभीर आरोप लगाया है। विधायक ने बताया कि स्टेशनरी सामग्री के लिए नगर पालिका में कोटेशन मंगाया गया था जिसमें कोरम पूरा करने कबीर प्रिंटर्स के नाम से फर्जी भावपत्र विभाग के अधिकारी व भाजपा नेता द्वारा भरे गये। कमीशन में लालच व भाजपा नेता को लाभ पहुंचाने श्रीराम प्रिंटर्स के बिना जीएसटी व टीन नम्बर से तीन लाख रूपए से अधिक राशि का भुगतान कर दिया गया है।

### 0 नगर पालिका के टेंडर प्रक्रिया में फर्जीवाड़े का आरोप

विधायक श्रीमती वर्मा ने सीएमओ पर टेंडर प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा का भी आरोप लगाया। निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त होने वाले राशि का फर्जी तरीके से आहरण सहित स्व.राजा देवव्रत सिंह के प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में खर्च से अधिक राशि बताकर दो लाख रूपए निकालने, पंप मरम्मत पर फर्जी बिल लगाकर 9 लाख रूपए निकालने, डीजल भुगतान पर फर्जी बिल लगाकर 15 लाख रूपए से अधिक राशि प्रतिमाह निकाली गई हैं। पालिका के पास 1 जेसीबी, 3 टीप्पर, 5 ट्रेक्टर जिसमें से 2 ट्रेक्टर खराब हैं। उक्त वाहनों का सफाई में उपयोग बताया जा रहा है। जबकि हालत यह है कि नगर की हर वार्ड की गली व नाली में गंदगी भरी हुई है। तो डीजल पेट्रोल किस काम का निकाल रहे है।

### 0 पाइप लाइन विस्तार के बिना टेस्ट किए ठेकेदार को किया 57 लाख का भुगतान

विधायक ने पत्रवार्ता में आरोप लगाया कि जल आवर्धन योजना के तहत बिना पाइप लाईन के टेस्ट किये 57 लाख से अधिक राशि का भुगतान ठेकेदार को कर दिया गया है। विधायक ने बताया कि किसी भी जल आवर्धन योजना के भुगतान से पहले पाइप लाइन का टेस्ट करना अनिवार्य होता है लेकिन अधिकारी कमीशन के लालच में पाइप के बिना टेस्ट कराये भुगतान कर दिया जबकि नगर के अधिकतर पाइप टूटी हुई है। सीएमओ की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण शासन को लाखों का नुकसान हुआ है जिसकी निष्पक्ष जांच और कार्रवाई होनी चाहिए।

### 0 जिम सामान खरीदी में भ्रष्टाचार की पुष्टि फिर पूर्व अध्यक्ष पर कार्यवाही क्यों नहीं

विधायक ने 37 लाख की जिम सामग्री खरीदी में किसी प्रकार के नियम का पालन नही किया गया है। न ही जिम समान नगर के किसी वार्ड में नही पहुंचा है सिर्फ चेक लगाकर 37 लाख रूपए की राशि आहरण कर लिया है जिसकी पुष्टि होने पर तत्कालीन सीएमओ कुलदीप झा को निलंबित किया गया है लेकिन चेक में अध्यक्ष व सीएमओ के हस्ताक्षर होते है तो पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे है। शैलेन्द्र वर्मा भ्रष्टाचार करके भाजपा में शामिल हो गए और उनके जांच को भाजपा के राजनितिक दबाव के कारण प्रशासन ने रोक दिया है। कलेक्टर को दिये ज्ञापन में तत्कालीन अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज करने मांग की गई है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नीलांबर वर्मा, मनराखन देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मिहिर झा, सुनीलकांत पांडे, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण आकाशदीप सिंह गोल्डी, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, पालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, छुईखदान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष आरती महोबिया, युवा कांग्रेस नेता रिंकू महोबिया, कपीनाथ महोबिया, पूरन सारथी, रविन्द्र सिंह गहरवार, सूर्यकांत यादव जितेंद्र सिंह गौर, संदीप सिरमौर, सुमन दयाराम पटेल, शत्रुघ्न घृतलहरे, नरेंद्र सेन, रिंकू गुप्ता, कोमल वर्मा सहित नगर पालिका के समस्त कांग्रेस पार्षद वह अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# अधिवक्ता हमारे परिवार के सदस्य और सुख-दुख के साथी-यशोदा वर्मा



छुईखदान (दावा)। न्यायलय के अंदर एक दूसरे के विपक्ष में खड़े होना उसके बाद फिर एक होना वकीलों के लिए बहुत ही कठिन कार्य है जिसे आप लोगों ने बखूबी सम्मान के साथ निभाया है मैं स्वयं एक अधिवक्ता परिवार की सदस्य हूं, आप लोगों ने न्याय के लिए सदैव अपने कार्य में ईमानदारी दिखाया है जिसके लिए पूरा छुईखदान छेत्र अधिवक्ता संघ की आभारी रहेगा। मैं अधिवक्ता साथियों को कभी छोड़ नहीं सकती, मुझे जो आज सम्मान मिला है, वो कही न कही अधिवक्ता के परिवार के कारण ही मिला है। उक्त उद्‌बोधन आज व्यवहार न्यायालय में आयोजित अधिवक्ता दिवस के कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्रीमति यशोदा नीलांबर वर्मा ने कही।

कार्यक्रम की शुरुवात में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रज्जू महोबिया, ने स्वागत भाषण में कहा कि आपके द्वारा दिए सहयोग के लिए अधिवक्ता संघ सदैव आभारी रहेगा,हम सभी आपके सहयोग के लिए आपका आभार व्यक्त करते है। श्री महोबिया ने आगे संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। वे पहले व्यक्ति रहे जिन्हें दोबारा राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ है द्य मैं अपने अधिवक्ता साथियों से कहना चाहता हूं कि अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। अधिवक्ता संघ द्वारा अपने वरिष्ठ अधिवक्ताओं नारायण कोशरिया, मोतीलाल जंघेल, अरविन्द शर्मा, शिवेंद्र किशोर दास, गजेंद्र ठाकरे को शाल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे ने संबोधित करते हुए कहा कि मै वर्तमान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रज्जू महोबिया का आभारी हूं, जिन्होंने इतने अच्छे कार्यक्रम का आयोजन किया, हिन्दुस्तान ही नहीं पूरे जहान में वकीलों के बिना न्याय व्यवस्था अधूरा है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपने पीछे में अपने पक्षकारों को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय में लड़ डालते है, लेकिन बाहर निकलने के बाद हम पुनः एक हो जाते है, तत्कालीन न्यायधीश भानु प्रसाद त्यागी के प्रयास से यहां पर भवन निर्माण कराया गया है, हम उनके सदैव आभारी रहेंगे। विधायक के सहयोग से हमारा भवन संवर गया है। बार रूम में विधायक के सहयोग सारी सुविधा हो गया है। हम उनके सदैव आभारी रहेंगे। छुईखदान में बड़े न्यायालय खोलने के लिए हम विधायक से निवेदन करता हूं।

आज के कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता शिवेंद्र किशोर दास ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में इस महान भारत देश में संविधान सभा का गठन किया गया और उन्हें इस सभा का अध्यक्ष बनाया गया। ये हमारे लिए खुशी की बात है कि हम ऐसे महान पुरुष का जन्मदिन मना रहे है। जो कि अधिवक्ता दिवस कहलाता है और वकील का आचरण समाज को नई दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एम.एल. जंघेल ने कहा कि वकालत के पेशा में समाज के बीच में अपने कार्य शैली को बनाए रखना वकीलों की महानता है, न्यायालय में एक दूसरे के साथ उठना बैठना और क्लाइंट के लिए एक दूसरे के विरुद्ध में खड़े होकर न्याय के लिए लड़ना है फिर भी एक साथ मिलना हमारी जीवन शैली ने नयापन को दर्शाता है, हमें न्याय के लिए सदैव अग्रसर होना चाहिए।

आज के कार्यक्रम में मोतीलाल जंघेल, नीलांबर वर्मा, नारायण सिंह कोशरिया, अरविंद शर्मा, शिवेन्द्र किशोर दास, गजेन्द्र ठाकरे, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान, रवि सिंह केसरिया, धनराज ताम्रकार, सतीश सिंघनिया, भगवानी वर्मा, कुमारी प्रतीमा महोबिया, पवन चंद्राकर, चैवेन्द्र सिंह ताम्रकार, संदीप जैन, रमाकांत चौबे, गोविंद जंघेल, नंदकुमार चंदेल, नितिन महोबिया, श्रीमति सत्या सोनी, अशोक चन्द्रेश्वर, राजेश सेन, सौरभ श्रीवास्तव, हेमंत वैष्णव, पारस वर्मा, रोहित वर्मा (लोधी), राजेश चतुर्वेदी, दिलीप वैष्णव, रोशन मानिकपुरी सहित व्यवहार न्यायालय में उपस्थित पक्षकारगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता मनोज चौबे ने किया और आभार सचिव सौरभ श्रीवास्तव ने किया।

# कांग्रेसियों ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

छुरिया (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार खुज्जी विधानसभा के समस्त धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को धान बेचने में आ रही दिक्कतों एवं समस्याओं को देखते हुए प्रत्येक धान खरीदी केन्द्रों में कांग्रेसियों के छः सदस्यीय दलों का गठन कर धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जहां समितियों में बारदाने का संकट, धान परिवहन का अभाव, टोकन के लिए एवं किसानों से अधिक मात्रा में धान की तौलाई, जगह की कमी, पेयजल, जैसे संकट से किसानों को जूझना पड़ रहा है। इन समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा कर समिति प्रबंधक को इन समस्याओं से अवगत कराते हुए किसानों को हो रही परेशानियों को दूर करने कहा गया।



- समितियों में बारदाने का संकट
- धान का परिवहन नहीं होने से समिति बंद होने की कगार पर

### समितियों में जगह की कमी

छुरिया, बम्हनी, बंजारी, खोभा, गैन्दाटोला, सड़क चिरचारी, शिकारीमहका, साल्हेटोला सहित कई धान खरीदी केन्द्रों में कांग्रेसियों जिसमें विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू, रितेश जैन, राजू सिन्हा, विपिन यादव, चुम्मन साहू, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, सुनील लारोकर, जयपाल यादव, सलमान खान, पूरण नेताम, रूखम साहू आदि ने बताया कि समितियों में धान परिवहन नहीं होने से जगह की कमी हो गई है। इससे धान खरीदी कभी भी बंद होने की कगार पर है। किसानों से अधिक मात्रा में धान की तौलाई की जा रही है। किसानों को धान बेचने के लिए ऑनलाईन, ऑफलाईन जैसी समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसके अलावा कई समितियों में बारदाने का संकट देखा गया है जिससे धान खरीदी प्रभावित हो रही है।

### जिन्हें दी गई जिम्मेदारी वो नदारद थे

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देशानुसार खुज्जी विधानसभा के धान खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण कर किसानों को हो रही तकलीफों को दूर करने छः सदस्यीय कांग्रेसी दल का गठन किया गया था। बकायदा इसकी सूची भी बनाई गई थी। सूची में शामिल प्रत्येक कांग्रेसियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन छुरिया सहित अधिकांश समितियों में कई कांग्रेसी नदारद रहे।

# नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी में विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया राज्य सरकार के प्रति आभार**

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद से 105.02 लाख एवं 15वें वित्त मद से 87.40 लाख की राशि आवंटित की गई। जिसमें अधोसंरचना मद अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड/आर सीसी नाली/डामरीकरण/शेड एवं इंटर लॉकिंग कार्य(कुल 37 कार्य) वही नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी में 15वें वित्त मद अंतर्गत सीसी रोड/आर सीसी नाली निर्माण कार्य (कुल 20 कार्य) स्वीकृत किया गया। उक्त मद से राशि स्वीकृति कराने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पांडे, एवं पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह का भाजपा जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी के मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, भारत भूषण राजपूत, देवनारायण कुम्भकार, पवन गुप्ता, राजू कुरैशी, अविनाश त्रिपाठी, काशी निषाद, सतीष शर्मा, शुभम लाटा, ओम शरण सिन्हा, गजेंद्र मंडावी एवं समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# पहला कॉलम...

## ताजमहल को उड़ाने की मिली धमकी

आगरा। विश्व धरोहर स्थल ताजमहल को बम विस्फोट कर उड़ाने की धमकी मिली है। पर्यटन विभाग को भेजे गए ईमेल में ताजमहल में सुबह 9 बजे बम फटने की बात कही गई है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। ताजमहल व उसके आसपास सर्च अभियान चलाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ईमेल आइडी पर मंगलवार सुबह 7:53 बजे ईमेल आया। ईमेल में ताजमहल को उड़ाने की धमकी दी गई। ईमेल में लिखा, 'ताजमहल में बम लगा हुआ है, जो सुबह 9 बजे फट जाएगा।' कार्यालय खुलने के बाद सुबह 11 बजे विभाग को धमकी भरे ईमेल की जानकारी मिली। इसके बाद तुरंत ही पुलिस और प्रशासन को सूचित किया गया। ताजमहल में बम लगा होने की जानकारी मिलने के बाद परिसर में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने स्मारक में सर्च किया। चप्पे-चप्पे में जांच करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई।बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने ताजमहल के गेट, उसके आसपास और दशहरा घाट पर जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। ताजमहल के रास्तों पर बने बैरियर पर इसके बाद सख्ती बढ़ा दी गई। एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद ने बताया कि ईमेल भेजने वाले की जांच की जा रही है। बीडीएस को जांच में कुछ नहीं मिला है।

## बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू जल्द ही शादी के बंधन में बधेंगी

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। इसकी पुष्टि उनके पिता पीवी रमना ने की। उन्होंने पीटीआई को बताया कि यह सब एक महीने पहले ही तय हुआ। बता दें कि, सिंधू 22 दिसंबर को उदयपुर में वेंकट दत्ता साई के साथ अपने जीवन की नई शुरुआत करेंगी। सिंधू के होने वाले पति हैदराबाद के रहने वाले हैं। वह पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजी में कार्यकारी निदेशक हैं। सिंधू के पिता पीवी रमना ने कहा- दोनों परिवार एक-दूसरे को जानते थे लेकिन एक महीने पहले ही सब कुछ तय हुआ। यह एकमात्र संभावित समय था क्योंकि जनवरी से उसका (सिंधू का) कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बै मिंटन के फाइनल में चीन की वू लुओ यू को हराकर महिला एकल का खिताब जीता था। लखनऊ में खेले गए फाइनल मैच में पूर्व विश्व चैंपियन ने चीन की वू लुओ यू को 21-14 21-16 से मात दी और तीसरी बार इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। वह इससे पहले 2017 और 2022 में भी ट्रॉफी जीती थीं। सिंधू ने दो साल और चार महीने के अंतराल के बाद पोडियम का शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने आखिरी खिताब जुलाई 2022 में सिंगापुर ओपन में जीता था। इस साल वह मई में मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में भी पहुंची थी।

## कुमार नितेश पैरा बैडमिंटन में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित

नई दिल्ली। पेरिस पैरालंपिक (2024) में 'एसएल3' श्रेणी में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले 29 साल के नितेश इस पुरस्कार के लिए मलयेशिया के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेह लिक होउ (एसयू5), जापान के डाइकी काजीवारा (डब्ल्यूएच2) और चीन के क्यू जिमो (डब्ल्यूएच1) के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत के पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश को तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ विश्व बैडमिंटन महासंघ के (बीडब्ल्यूएफ) साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। पेरिस पैरालंपिक (2024) में 'एसएल3' श्रेणी में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले 29 साल के नितेश इस पुरस्कार के लिए मलयेशिया के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेह लिक होउ (एसयू5), जापान के डाइकी काजीवारा (डब्ल्यूएच2) और चीन के क्यू जिमो (डब्ल्यूएच1) के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। नितेश विश्व चैंपियनशिप के दो बार के रजत और एक बार के कांस्य पदक विजेता भी हैं। महिला वर्ग में ली फेंग मेई, सरीना सतोमी, लियू यू टोंग और लीनी रात्री ओक्टिला को इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

## फुटबाल मैच में खिलाड़ी बोवे बेहोश होकर गिरे, आईसीयू में 22 वर्षीय फुटबॉलर

फ्लोरेंस (इटली)। इटैलियन लीग सीरी ए के महत्वपूर्ण मुकाबले में फिओरेंटीना के मिडफील्डर एडोआर्डो बोवे इंटर मिलान के खिलाफ मैच के बीच में मैदान पर बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें बेहोशी की हालत में नजदीकी कारेगी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वह गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में दाखिल हैं। 22 वर्षीय बोवे के मैदान पर गिरते ही उन्हें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने घेर लिया और तत्काल मेडिकल सहायता मांगी। उन्हें प्राथमिक उपचार देते हुए स्ट्रेचर से मैदान के बाहर लाया गया और एंबुलेंस से अस्पताल में दाखिल कराया गया। यह घटना मैच के 16वें मिनट की है। इसके बाद मुकाबले को स्थगित कर दिया गया। अस्पताल के बाहर बोवे के समर्थक हाथ में, फ्लोरेंस आपके साथ है, कि तख्तियां लेकर एकत्र हो गए। रिपोर्टों के मुताबिक हृदय और मस्तिष्क के किए गए पहले परीक्षणों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और कार्डियो श्वसन तंत्र की तीव्र क्षति से इन्कार किया गया है। उनका कुछ घंटों के बाद फिर परीक्षण किया जाएगा।

# पाकिस्तान ने जीता टी20 वर्ल्ड कप का खिताब, फाइनल में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया



नई दिल्ली। पाकिस्तान ने ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है, उसने फाइनल में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर इतिहास रचा है. ये इतिहास में पहला मौका है जब पाक टीम ने यह खिताब अपने नाम किया है. इस खिताबी भिड़ंत में बांग्लादेश पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 139 रन बना पाई थी. जवाब में पाकिस्तान ने महज 11 ओवरों में बिना विकेट गंवाए लक्ष्य को हासिल करके ऐतिहासिक अंदाज में वर्ल्ड कप का खिताब जीता. पाकिस्तान के लिए कप्तान निसार अली ने नाबाद 72 रन, वहीं मोहम्मद सफदर ने उनका बखूबी साथ निभाया और नाबाद 47 रन बनाए.

पाकिस्तान के लिए यह जीत इसलिए भी यादगार रही क्योंकि पूरे टूर्नामेंट में उसे कोई मात ना दे सका. पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन सय्यद सुल्तान शाह ने इस उपलब्धि पर अपनी टीम को बधाई दी है. पहली पारी के दौरान पाक गेंदबाज बाबर अली ने जमकर कहर बरपाया, जिन्होंने 4 ओवरों में महज 24 रन देकर दो विकेट चटकाए. उनके अलावा मोहम्मद सलमान और मटिउल्लाह ने एक-एक विकेट लिया.

### अब तक भारत ने जीते थे सारे खिताब

ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट की शुरुआत साल 2012 में हुई थी, उसके बाद 2017 और फिर 2022 में भी भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप में खिताबी हैट्रिक लगाने के बाद भारत इस बार टूर्नामेंट में हिस्सा ही नहीं ले पाया. चूंकि ब्लाइंड टी20 विश्व कप का आयोजन पाकिस्तान में हुआ, इस बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर हो रहे विवाद के कारण भारत सरकार ने अपनी ब्लाइंड टीम को सरहद पार भेजने से इनकार कर दिया था.

याद दिला दें कि पाकिस्तान अब तक दो बार ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंचा था. 2012 और 2017 के संस्करण में उसे भारत के हाथों क्रमशः 29 रन और 9 विकेट से हार मिली थी. अब 2024 में आखिरकार पाक टीम ने हार के ट्रेंड को समाप्त करते हुए पहला खिताब जीतने में सफलता पाई है.

# बांग्लादेश में अब भारतीय चैनलों पर रोक लगाने की मांग, हाईकोर्ट में याचिका दायर

ढाका। बांग्लादेश हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की गई है, जिसमें भड़काऊ समाचारों के प्रसारण का हवाला देते हुए देश में सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है। एक खबर में यह जानकारी दी गई। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, वकील इखलास उद्दीन भुइयां ने इस संबंध में याचिका दायर की है। भुइयां ने बताया कि न्यायमूर्ति फातिमा नजीब और न्यायमूर्ति सिकदर महमूदुर रजी की पीठ इस मामले में सुनवाई कर सकती है।

खबर में कहा गया है कि केबल टेलीविजन नेटवर्क ऑपरेशन एक्ट 2006 की धारा 29 के तहत बांग्लादेश में सभी भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई है। खबर में बताया गया कि स्टार जलसा, 'स्टार प्लस', 'जी बांग्ला', रिपब्लिक बांग्ला और अन्य सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है।

याचिका में आरोप लगाया गया कि भारतीय चैनलों पर भड़काऊ खबरों का प्रसारण किया जा रहा है और बांग्लादेशी संस्कृति का विरोध करने वाली सामग्री के अनियंत्रित प्रसारण से युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। इसमें दावा किया गया कि ये चैनल किसी भी नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) और अन्य को याचिका में पक्षकार बनाया गया है। बता दें कि, इसी साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।

# अबू धाबी टी10 लीग : डेक्कन ग्लेडिएटर्स तीसरी बार बनीं चैंपियन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज टॉम कोहलर कैडमोर ने 105 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक तेजतर्रार अर्धशतक जड़ा। ये हाफ सेंचुरी उन्होंने अबू धाबी टी10 लीग के फाइनल मैच में बनाया।बता दें कि अबू धाबी टी10 लीग के फाइनल मैच में डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने मोरीसविले सैंप आर्मी को आठ विकेट से मात दी। ग्लैडिएटर्स ने सिर्फ 6.5 ओवर में आठ विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें सभी चार बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा रहा।



डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने मोरीसविले सैंप आर्मी को हराकर इतिहास रचा। अबू धाबी टी-10 लीग का खिताब डेक्करन ग्लेडिएटर्स ने तीसरी बार जीता। इससे पहले 2021 और 2022 में टीम ने खिताब जीता था। डेक्कन ग्लेडिएटर्स तीन खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी है।

दरअसल, अबू धाबी टी10 लीग फाइनल मैच में डेक्कन ग्लैडिएटर्स के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए मोरीसविले सैंप आर्मी की टीम ने 104 रन बनाए। टीम की तरफ से फाफ डु प्लेसिस ने दो चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए। सबसे पहले महेश थीक्षाना ने शरजील खान का विकेट लेकर टीम को पहली सफलता दिलाई।

चरिथ असलंका ने 13 रन बनाए और वह रन आउट हो गए। एंड्रिस गूस ने नौ गेंदों में 21 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिसमें दो छक्के और एक चौका शामिल रहे। आठवें ओवर में ग्लीसन ने डु प्लेसिस और जैक टेलर को आउट कर दोहरा झटका दिया।

इसके जवाब में डेक्कर ग्लेडिएटर्स की तरफ से कोहलर-कैडमोर ने मुस्ताफा के खिलाफ लगातार चार चौके लगाकर रन चेजज की धुआंधार शुरुआत की। दूसरे ओवर में पूरन ने पारी का पहला छक्का लगाया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर वसीम को निशाना बनाया और उन्हें दो छक्के और एक चौका लगाया।

# टेस्ट सीरीज : बांग्लादेश ने बनाई मजबूत पकड़; विंडीज टीम की हालत हुई पतली!

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच जमैका में खेला जा रहा है। इस मैच के तीसरे दिन के खेल तक मेहमान टीम ने मजबूत पकड़ बना ली है।

तीसरे दिन स्टंप्स तक बांग्लादेश के पास 211 रनों की बढ़त है और अभी टीम के पांच विकेट बाकी हैं। मैच में बांग्लादेश की टीम के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था। टीम ने पहली पारी में 164 रन बनाए थे।



वेस्टइंडीज के जेडन सील्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए थे। इस तरह वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 146 रनों पर ढेर हो गई थी। इस तरह बांग्लादेश को पहली पारी में 18 रनों की बढ़त मिली। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में नाहिद राणा ने 5 विकेट लेकर बांग्लादेश को मजबूती दिलाई थी।

दरअसल, बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए बांग्लादेश की टीम को शुरुआती झटका ममहमुदुल हसन जॉय के रूप में लगा, जो 12 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद मोनिनल भी शून्य पर आउट हो गए। शदमन इस्लाम ने टीम की पारी को संभालने की जिम्मेदारी उठाई। उन्होंने 137 गेंदों पर 5 चौके और एक सिक्स की मदद से 64 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 75 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली।

उनके अलावा टीम का कोई भी बैटर कुछ खास रन नहीं बना सका। बांग्लादेश की पहली पारी इस तरह 164 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के जेडन सील्स ने पहली पारी में बांग्लादेश के 4 बैटर्स को आउट किया। उनके अलावा शामार जोसेफ ने 3 विकेट चटकाए।

# भारतीय टीम महिला जूनियर एशिया कप के लिए ओमान रवाना



बेंगलुरु। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप, जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए एक क्वालिफाइंग इवेंट है, 7 से 15 दिसंबर तक मस्कट, ओमान में आयोजित किया जाना है। भारतीय टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी, जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे।

गत चैंपियन के रूप में भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगी। टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है। जबकि टीम को पूर्व भारतीय कप्तान तुषार खांडेकर ने ट्रेन किया है।

ज्योति सिंह ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। हमारे पास एक अच्छी, अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और टीम मस्कट, ओमान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्सुक है। उप-कप्तान साक्षी राणा ने कहा, यह देखकर खुशी हो रही है कि भारतीय जूनियर पुरुष टीम नॉकआउट चरण में प्रवेश कर गई है और वे खिताब की ओर बढ़ रहे हैं।

# अमृत 2.0 योजना के तहत शहरों को जल सुरक्षा देने 66,750 करोड़ हुए आवंटित

नई दिल्ली। शहरों को आत्मनिर्भर बनाने और जल सुरक्षा देने के लिए अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) 2.0 योजना के तहत परियोजनाओं के लिए 66,750 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता आवंटित की गई है। यह जानकारी हाल ही में संसद को दी गई।

आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि इसमें से 63,976.77 करोड़ रुपये पहले ही राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को स्वीकृत किए जा चुके हैं और अब तक 11,756.13 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्रीय हिस्से के 6,539.45 करोड़ रुपये के उपयोग की सूचना दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुल मिलाकर, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा रिपोर्ट किया गया कुल व्यय 17,089 करोड़ रुपये है और 23,016.30 करोड़ रुपये के कार्य फिजिकली पूरे हो चुके हैं।

अमृत 2.0 के लिए कुल इंडीकेटिव आउटले 2,99,000 करोड़ रुपये है, जिसमें पांच वर्षों के लिए 76,760 करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता शामिल है।

अमृत 2.0 योजना 1 अक्टूबर, 2021 को शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य 500 अमृत शहरों में सीवरेज और सेप्टेज मैनेजमेंट की यूनिवर्सल कवरेज प्रदान करना है। इसके अलावा, इस योजना के दूसरे मिशन में जल निकायों का पुनरुद्धार, हरित स्थानों और पार्कों का विकास और जल के क्षेत्र में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने के लिए टेक्नोलॉजी सब-मिशन शामिल है। अमृत 2.0 पोर्टल पर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 15 नवंबर, 2024 तक 1,15,872.91 करोड़ रुपये की 5,886 परियोजनाओं के लिए टेंडर जारी किए गए हैं, जिनमें से 85,114.01 करोड़ रुपये की 4,916 परियोजनाओं के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिए जा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाकी परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। इस योजना के तहत शुरू की गई परियोजनाएं लंबी अवधि की निर्माण अवधि वाली बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं हैं।

# प्रथम पेज का शेष....

**0 दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ के विरोध....**

स्वीकृति रेटिंग हाल के महीनों में गिर गई है। साल 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद से विपक्ष द्वारा नियंत्रित संसद के खिलाफ अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यून की रूढ़िवादी पीपुल्स पावर पार्टी अगले साल के बजट बिल को लेकर उदार विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ गतिरोध में फंस गई थी।

**घोटालों की जांच की मांग को खारिज कर रहे राष्ट्रपति**

विपक्ष सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट प्रॉसिक्यूटर्स ऑफिस के प्रमुख सहित तीन शीर्ष अभियोजकों पर महाभियोग चलाने के लिए प्रस्ताव पारित करने का भी प्रयास कर रहा है, जिसे रूढ़िवादियों ने ली पर उनकी आपराधिक जाँच के खिलाफ़ प्रतिशोध कहा है, जिन्हें जनमत सर्वेक्षणों में 2027 में अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पसंदीदा के रूप में देखा गया है। बताया जा रहा है कि यून सुक योल अपनी पत्नी और शीर्ष अधिकारियों से जुड़े घोटालों की स्वतंत्र जांच की मांग को भी खारिज कर रहे हैं, जिसके चलते उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई है। यूं की घोषणा के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी ने कथित तौर पर अपने सांसदों की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है।

**0 इक्कीस हजार करोड़ रू. के रक्षा सौदों ...**

तटीय सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करने के लिए भारतीय तट रक्षक के लिए छह उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर की खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा टी-72 और टी-90 टैंकों, बीएमपी- और सुखोई लड़ाकू विमानों के इंजनों के ओवरहाल के लिए भी मंजूरी दी गयी है।

**0 चिन्मय की जमानत पर चल रही थी सुनवाई....**

संबंध हैं जिन्हें एक मुद्दे तक सीमित नहीं किया जा सकता। हम बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ जुड़ाव के इच्छुक हैं। बांग्लादेश के कानूनी सलाहाकार आसिफ नजरूल ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, हम समानता और आपसी सम्मान पर आधारित मित्रता में विश्वास रखते हैं। जहां शेख हसीना की सरकार ने बिना चुनाव के सत्ता हासिल करने के लिएभारत समर्थक नीति अपनाई, भारत को अब यह जरूर समझना चाहिए कि यह शेख हसीना का बांग्लादेश नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदू संघर्ष समिति नामक एक संगठन अगरतला में बांग्लादेश के उप उच्चायोग पर हमले के लिए जिम्मेदार है और इस दौरान हमारा राष्ट्रीय झंडा भी जला दिया गया। अगर ऐसी ही घटना बांग्लादेश में मुस्लिम संघर्ष समिति के नाम से की गई होती, तो भारत ने कितनी आक्रामक प्रतिक्रिया दी होती।

**0 जयशंकर बोले- भारत और चीन के ....**

बुनियादी प्राथमिकता थी कि टकराव वाले प्वाइंट्स से सुरक्षा बल पीछे हटें और इसमें सफलता मिली है। हम इसे लेकर सुस्पष्ट हैं कि सीमा पर शांति की बहाली ही संपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने का आधार होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि सीमा पर इस तरह के तनाव के चलते चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं रह सकते थे। भारत और चीन इस साल अक्टूबर में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए थे।

**गलवान की घटना के बाद से बिगड़ गए थे रिश्ते**

जयशंकर ने बताया कि अप्रैल-मई 2020 में चीन ने पूर्वी लद्दाख में भारी संख्या में सैनिक तैनात कर दिए थे। इसके चलते कई जगहों पर दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने आ गए थे। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद, स्थिति और भी गंभीर हो गई। न सिर्फ जानें गईं, बल्कि भारी हथियारों की तैनाती भी करनी पड़ी। हालांकि, हाल ही में कूटनीतिक बातचीत के जरिए कुछ सुधार ज़रूर हुआ है।

**भारतीय सेना की जयशंकर ने जमकर की तारीफ**

जयशंकर ने भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि तमाम चुनौतियों और कोविड महामारी के बावजूद, उन्होंने चीनी सैनिकों का डटकर मुकाबला किया। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी कहा है कि दोनों देशों ने सैनिकों की वापसी और गश्त पर सहमति बनाने में 'काफी प्रगति' की है। कुछ खबरों में यह भी बताया गया है कि पूर्वी लद्दाख से सैनिकों की वापसी पूरी हो चुकी है और दिवाली पर दोनों देशों के सैनिक मिठाई का आदान-प्रदान करेंगे।

**0 जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने...**

खुफिया इनपुट के बाद दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया था।

**आतंकियों की मदद करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले में दो महिला 'आतंकवादी सहयोगियों' को सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। दोनों महिलाओं की पहचान लौधरा, बसंतगढ़ की रहने वाली मरियमा बेगम और राय चक की रहने वाली अरशद बेगम के रूप में की गई है। पुलिस ने अपने बयान में कहा कि दोनों महिलाओं के संदिध काम के कारण सार्वजनिक सुरक्षा और शांति के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया था।

# आज संभल आ सकते हैं राहुल गांधी : चार जिलों को डीएम का पत्र, अपनी सीमा में ही रोक लें नेता प्रतिपक्ष को



संभल। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को संभल आ सकते हैं। वह नई दिल्ली में हैं। वहां से बुधवार सुबह संभल के लिए रवाना हो सकते हैं। हालांकि उन्हें संभल जाने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता तैयारी की गई है। उधर उन्हें रोकने के लिए संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने मंगलवार को पड़ोसी जिलों बुलंदशहर, अमरोहा, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर के अधिकारियों को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि वे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अपने जिले की सीमा पर ही रोक लें।

मंगलवार को संभल पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल और प्रदेश सचिव सचिन चौधरी ने पीड़ित परिवार के लोगों को यह जानकारी दी। इसके बाद प्रशासन ने उनको संभल जाने से रोकने की तैयारी शुरू कर दी है। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर 10 दिसंबर तक रोक है।

राहुल गांधी के संभल आने की कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। अन्य स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर आसपास के जिलों के पुलिस-प्रशासन से भी चौकसी बरतने के लिए कहा गया है।

### संभल डीएम ने राहुल गांधी को न आने का किया अनुरोध

कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल न आने के लिए संभल के डीएम ने अनुरोध किया है। इस मामले में जिला प्रशासन ने पत्र भेजकर संभल की स्थिति से अवगत कराया है। संभावना है कि नेता प्रतिपक्ष संभल नहीं आएंगे। इधर जिले के कांग्रेस नेताओं ने सुबह यूपी बॉर्डर पर जाने की तैयारी कर ली है। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने बताया कि पार्टी के नेता सुबह तक दिल्ली बॉर्डर पहुंच जाएंगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आने का इंतजार करेंगे।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के संभल आने पर यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सुबह 10 बजे प्रतिनिधिमंडल रवाना होगा। इस प्रतिनिधिमंडल में लोकसभा नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रभारी अविनाश पांडे, मैं और यूपी से हमारे सांसद साथ रहेंगे। हम सब बुधवार को संभल जाएंगे।

# स्व.लाल श्याम शाह शासकीय महाविद्यालय में मना एड्स दिवस

अंबागढ़ चौकी (दावा)। वैश्विक स्तर पर एड्स संक्रामक रोग की रोकथाम एवं मानव जाति में एड्स रोग के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रति वर्ष 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता हैं। इसी संदर्भ में स्व. लाल श्याम शाह शासकीय नवीन महाविद्यालय, मोहला एवं नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, मोहला-मानपुर-अं.चौकी में संयुक्त रूप सें एड्स दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में दोनों महाविद्यालय में संयुक्त रूप से एड्स दिवस से संबंधित निबंध लेखन, रंगोली, भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहित हो कर बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विश्व एड्स दिवस के इस आयोजन में स्व. लाल श्याम शाह शासकीय नवीन महाविद्यालय एवं नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.जी.के.जोशी एवं सहायक प्राध्यापक के रूप में जी.पी. चंद्रवंशी, रूपलाल मंडावी, नागेश मंडावी, सुश्री पूनम खरे एवं महाविद्यालय में कार्यरत समस्त अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक




उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक जी.पी.चंद्रवंशी द्वारा किया गया। जी.पी. चंद्रवंशी जो की महाविद्यालय में जंतुविज्ञान विषय के सहायक प्राध्यापक है इनके द्वारा एड्स रोग की उत्पत्ति उसकी खोज एवं एड्स रोग के लक्षण व उसके रोकथाम के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गयीं साथ ही उनके द्वारा भारतीय समाज में एड्स रोग से पीड़ित व्यक्ति के साथ होने वाले दुर्व्यवहार व समाज मे व्याप्त अंधविश्वास के प्रति कड़े शब्दों से आलोचना भी की गई उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों व सहायक प्राध्यापकों व अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक साथ ही कार्यालियन कर्मचारी गण को एड्स रोग की संक्रामकता के बारे में बताया कि एड्स रोग एचआईवी विषाणु से होता है, यह विषाणु पीड़ित व्यक्ति से पीढ़ी दर पीढ़ी स्थान्तरित होता हैं।

यह रोग स्वस्थ व्यक्ति के द्वारा पीड़ित व्यक्ति से सुरक्षा साधनों का उपयोग किए बिना शारीरिक संबंध बनाने से व पीड़ित व्यक्ति के रुधिर का स्वस्थ व्यक्ति के शरीर मे जाने से यह रोग होता हैं उनके द्वारा इस बात को भी स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया कि पीड़ित व्यक्ति के साथ बाह्य रूप सें संबंधित रहने पर अर्थात उनके साथ रहना , घूमना -फिरना, भोजन करना, इत्यादि से रोग फैलता नही हैं उनके द्वारा समाज मे व्याप्त कुरीतियों पर भी कड़ा प्रहार किया गया। एड्स रोग से रोकथाम व एड्स से बचाव के उपाय बताते हुए चन्द्रवंशी द्वारा कहा गया कि पीड़ित व्यक्ति से शारीरिक संबंध ना बनाना, पीड़ित व्यक्ति के रुधिर का उपयोग ना करना, पीड़ित व्यक्ति कें संक्रमित रक्त के संपर्क में आये किसी भी वस्तु का उपयोग ना करना इत्यादि विधियों द्वारा संक्रमण से बचाव के उपाय बताएं गए।

कार्यक्रम में आयोजित रंगोली, पोस्टर मेकिंग,भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों कों महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.जी.के.जोशी द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में अंत में कार्यक्रम के संयोजक एवं रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी जी.पी.चंद्रवंशी द्वारा कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन पर महाविद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र एवं छात्राओं व महाविद्यालय परिवार का धन्यवाद व्यक्त किया।

# हॉकी खिलाड़ी मम्तेश्वरी लहरे का चयन सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण में

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की उदीयमान हॉकी खिलाड़ी कु.मम्तेश्वरी लहरे का चयन सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 05 से 20 दिसंबर 2024 तक साई सेन्टर बैंगलोर में आयोजित है। इस प्रशिक्षण शिविर में सीनियर महिला इंडिया टीम के सभी जाने माने खिला़ी भाग लेंगे जिसमे लगभग 35 खिलाड़ियों का चयन उक्त प्रशिक्षण हेतु किया गया है। छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे का चयन उक्त प्रशिक्षण शिविर हेतु विगत दिनो आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप दिनांक 30 अक्टूबर से 10 नवम्बर 2024 स्थान रॉंची (झारखण्ड) में उनके उत्कृष्ठ खेल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।



छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे वर्तमान में स्पोटर्स अकादमी रायपुर में प्रशिक्षणरत है। इसके पूर्व लगभग 3 वर्ष तक स्टेट एक्सलेंसी बिलासपुर में प्रशिक्षणरत थी। मम्तेश्वरी लहरे के इस उपलब्धि पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अभिषेक सिंह, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु पूर्व राजगामी अध्यक्ष रमेश पटेल छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, कुतुबुद्धीन सोलंकी नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, नीलम चंद जैन, अनिल यादव, ज्ञानचंद जैन, सुश्री ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अनुराज श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटीया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकिल अहमद ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# कॉन्फ्लुएंस में पोस्टर बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय राजनांदगांव में महिला प्रकोष्ठ (विशाखा) के द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पोस्टर बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के सशक्तीकरण और उनके मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देना है, इस दिन को मनाने का मकसद लड़कियों को विकास के अवसर देना और समाज में उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाना भी है इस प्रतियोगित में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों को सामना करने के लिए विद्यार्थियों को थीम के अनुसार पोस्टर बनाने एवं स्लोगन लिखने के लिए कहा ताकि इस पोस्ट एवं स्लोगन को देखकर समाज जागरूक हो सके इस पोस्ट बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं कुछ इस प्रकार से हैं, प्रथम स्थान पर महिमा साहू बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रही एवं द्वितीय स्थान पर राजविंदर कौर बीएड प्रथम सेमेस्टर की रही इसी प्रकार तृतीय स्थान पर नंदिता सैन बीएड प्रथम सेमेस्टर एवं कशिश अयाज प्रबंधन विभाग के प्रथम सेमेस्टर से रहे। इस प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विद्यार्थियों का हौसला बुलंद किया एवं लड़कियों को शिक्षित करना, उनका स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, और उनके करियर के लिए मार्गदर्शन दिया, साथ ही इस प्रतियोगिता में समस्त विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगणों की उपस्थिति थी।

## समाजसेवी संजीव सिंघल की प्रेरणा से अनेक लोगों ने किया नेत्रदान



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। समाज सेवक संघ के संयोजक समाजसेवी संजीव सिंघल की प्रेरणा से अनेक प्रतिष्ठित लोगों ने नेत्रदान किया। संघ के जिला-चौकी-मोहला-मानपुर के जिलाध्यक्ष सीमेंट व्यवसायी साकेत ट्रेडर्स के स्वामी मनीष खंडेलवाल एवं सी.एस.पी.डी.सी.एल में कनिष्ठ अभियंता के पद पर पदस्थ भरथरि कुर्रे एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में अंग्रेजी व्याख्याता हेमंत ठाकुर ने नेत्रदान का संकल्प लेते हुए नेत्रदान के फार्म भरे। हेमंत ठाकुर समाजसेवक संघ के अम्बागढ़ चौकी तहसील के अध्यक्ष भी है। सभी ने सबसे नेत्रदान कर नेत्रहीनता को समाप्त करने का आव्हान किया।

## रेलवे की पेंशन अदालत हेतु आवेदन 5 तक

डोंगरगढ़(दावा)। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में पेन्शन अदालत का आयोजन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के सभा कक्ष में दिनांक 16 दिसंबर (सोमवार) को प्रातः 11.00 बजे से किया जायेगा।मंडल के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपने आवेदन की दो प्रति में पूर्ण दस्तावेज के साथ जिसमें पी.एफ. नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि, पी.पी.ओ. नम्बर, विभाग व पद, मामले की जानकारी एवं पता लिखना अनिवार्य है।

5 दिसम्बर तक या इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (पेंन्शन अदालत) को आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।पेन्शन अदालत में पेन्शन से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। अगर किसी सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाला बकाया निपटान एवं पेन्शन भुगतान संम्बन्धी कोई भी शिकायत है तो वे अवश्य आवेदन करें, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस पेन्शन अदालत में न्यायालय में विचाराधीन, विवादास्पद, उत्तराधिकारी मामला तथा अन्य नीतिगत मामलों, रेलवे बोर्ड में लंबित प्रकरण मामलों को शामिल नहीं किया जायेगा।

## आयुक्त ने वार्डो में शिविर लगाकर वसूली करने, क्यूआर कोड से वसूली व शत-प्रतिशत दुकान प्रीमियम जमा कराने के दिये निर्देश

**आयुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा में वार्डवार वसूली की ली जानकारी**

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर शासन लक्ष्य के अनुरूप हर माह वसूली के निर्देश दिये। उन्होंने वसूली के लिये वार्डो में शिविर लगाने तथा क्यू आर कोड से वसूली करने तथा शेष दुकानों की नीलामी कर निलाम दुकान का शतप्रतिशत प्रीमियम जमा कराने उपायुक्त मोबिन अली से कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने समीक्षा में सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्डवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने नये डिमाण्ड के अनुसार वसूली करने के निर्देश दिये एवं कम वसूली पर कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इस लिये लक्ष्य के अनुरूप वसूली करना है। उन्होंने क्यू आर कोड के माध्यम से वसूली की जानकारी ली, और उससे आने वाली समस्या से अवगत हुये। सहायक राजस्व निरीक्षकों ने कहा कि क्यू आर कोड से भुगतान पर पावती की दिक्कत आ रही है, क्योंकि भुगतान सीधे बैक खाते में जाता है, और हमें आमदनी बताने में कठिनाई होती है। इसी प्रकार मतदाता सूची में तथा पट्टा सर्वे में ड्यूटी लगने के कारण वसूली कम हुई है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि क्यू आर कोड से राजस्व वसूली की शुरूवात है, शुरू में थोडी परेशानी होती है, बैक के साथ मिलकर व्यवस्था सुधारना है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के अंत में बैक से स्टेटमेंट निकालकर वार्डवार देने की व्यवस्था की जावेगी, सुगम राजस्व वसूली तथा राजस्व वसूली बढ़ाने क्यू आर कोड की सुविधा करदाताओं को दी जा रही है। वर्तमान में मतदाता सूची का काम पूर्ण हो चुका है, अब राजस्व वसूली में ध्यान देवे, बडे बकायादारों की सूची तैयार कर नोटिस जारी करे, राजस्व उप निरीक्षक व राजस्व निरीक्षक की टीम के साथ वसूली करना सुनिश्चित करें, नहीं देने पर नल विच्छेदन की कार्यवाही करें। निर्धारित समय में अपने-अपने वार्ड में पहुॅच वसूली करना सुनिश्चित करें तथा चार बजे कार्यालय में आकर डिमाण्ड दुरूस्त करें।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने उपायुक्त व राजस्व प्रभारी मोबिन अली से कहा कि राजस्व वसूली के लिये वार्डो मे शिविर आयोजित करने की तैयारी करे, इसके अलावा कार्यालय में किसी भी वार्ड की वसूली के लिये काउंटर लगाकर वसूली कराना सुनिश्चित करें, क्योकि कई करदाता कार्यालय में आकर भुगतान के लिये भटकते रहते है। उन्होंनें सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा कि सभी पुराने कर्मचारी है, और सभी को वार्डो की जानकारी है, उस आधार पर हर वर्ष वसूली की जा रही है, इसमें कठिनाई नही होनी चाहिये, एक प्लानिंग कर वसूली करें। समय पर भुगतान करने वाले करदाताओं से पहले वसूली करे उस आधार पर अन्य करदाताओं को भी अवगत कराकर वसूली करें।

# स्वच्छ जल मिलने से ग्राम मुरमुंदा के ग्रामीण के जन-जीवन में आया अभूतपूर्व परिवर्तन

**राजनांदगांव (दावा)। जिला मुख्यालय राजनांदगांव से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर में ही नल से स्वच्छ जल मिलने से गांव की तस्वीर ही बदल गयी है। लगभग 200 परिवार वाले इस गांव में अब ग्रामीणों को घर पर ही स्वच्छ जल मिलने लगा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इस मिशन का उद्देश्य हर घर तक नल द्वारा स्वच्छ और सुरक्षित पानी पहुंचाना है। जल जीवन मिशन से हर घर नल से जल मिलने पर ग्रामीण जीवन में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।**

सरपंच श्रीमती कल्पना साहू ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत मोंगरा समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत लगभग 43 एफएचटीसी कनेक्शन कर गांव में नल



जल योजना स्थापित की गयी है। जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल रहा है। स्वच्छ पानी की उपलब्धता से जल जनित बीमारी में कमी आयी है और ग्रामीण स्वास्थ्य में सुधार हुआ है।

पानी लाने में लगने वाला समय बचाने के कारण ग्रामीण महिलाओं को अन्य कार्यों में शामिल होने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव में जल संरक्षण और जल के कुशल उपयोग के लिए जागरूकता कार्यक्रम सतत चलाये जा रहे हैं। जिससे पेयजल उपलब्धता की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत 1730 मीटर की डिस्ट्रीब्यूशन एवं 850 मीटर की राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाकर गाव में पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। ग्राम मुरमुंदा हर घर जल घोषित हुआ है।

गांव की निवासी श्रीमती शशि शिवारे ने बताया की जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल मिलने से न केवल पानी की समस्या का समाधान हुआ है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और आर्थिक समृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है। उन्होंने जल जीवन मिशन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सदस्यता अभियान: कांग्रेस अब भाजपा के मुकाबले की पार्टी नहीं - रविन्द्र रामटेके

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा आलाकमान के निर्देश पर इस जिले सहित समूचे छत्तीसगढ़ में महज 86 दिन में 60 लाख ऑनलाइन सदस्य बनाए गए जिससे विपक्ष कांग्रेस के पैरों तले की जमीन खिसक गई है।

जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने यह बात कहते हुए कहा कि 6 सितंबर से 30 नवंबर तक चले इस महा अभियान में भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं ने जी जान से भीड़कर सदस्य बनाए इस सदस्यता मुहिम में बड़ी संख्या में लोग सवेस्फूर्त होकर सदस्यता ग्रहण की उनमें बिलकुल नई जुड़ने वाले युवाओं का उत्साह बहुत ही ज्यादा था जो अपने अपने साथी सहेलियों को भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित करते रहे।

श्री रामटेके ने आगे कहा कि 6 अप्रैल 1980 को मिथुन लग्न में स्थापित हुई भाजपा ने बहुत ही जल्दी अपनी सदस्य संख्या बढ़ते हुए विश्व स्तर पर अपनी और देश की साख को नहीं ऊंचाई दी और यह सब गांव से लेकर शहर स्तर तक के नेताओं कार्यकर्ताओं के बलबूते हुआ भाजपा ही एक ऐसी सियासी पार्टी है। जो विश्व में सबसे बड़ी संस्था के रूप में जानी पहचानी जाती है। इस संस्था के मेंबरशिप को सिर्फ ऑनलाइन रिकॉर्ड रखने के उद्देश्य से पुरानी सभी के सदस्यता राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ निरस्त करके फिर से सदस्यता अभियान पूरे देश में चलाया गया इस मूहिम में छत्तीसगढ़ भाजपा का वर्चस्व पूरे देश में बढ़ चढ़कर है सिर्फ 86 दिन में 60 लाख सदस्य बनाना हंसी टिटौली का खेल नहीं है यह आंकड़ा देखकर समझ में आता है कि पार्टी का प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता अपने पार्टी के लिए कितने समर्पित हैं निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ भाजपा का यह रचनात्मक कार्य है पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। इसके लिए प्रदेश भाजपा संगठन और सरकार को राष्ट्रीय भाजपा की प्रशंसा मिलना स्वाभाविक ही है।



**सिर्फ 86 दिन में बने 60 लाख सदस्य**

इतना अवश्य है कि निकटतम विपक्षी पार्टी कांग्रेस की कांग्रेस की चिंता इस बड़ी सफलता से बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा का छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंह देव, सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और प्रत्येक नेता कार्यकर्ता आगामी नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सफलता के झंडे गाड़ने के लिए अभी से भीड़ जाएंगे।

# चिखली में कर्मा भवन का महापौर ने किया लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। वार्ड विकास की कडी में नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 5 चिखली में पार्षद निधि अंतर्गत 5 लाख रूपये की लागत से कर्मा भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने की तथा पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे के अलावा जिला महामंत्री निलमणी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोतीलाल साहू, जिला कार्यालय प्रभारी गजमोहन साहू एवं चिखली साहू समाज के अध्यक्ष अशोक साहू विशेष रूप



से उपस्थित थे।

लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि साहू समाज की मांग पर चिखली में मेरे पार्षद निधि से कर्मा भवन का निर्माण किया गया। चिखली साहू समाज के द्वारा छोटे मोटे आयोजन अब इस भवन में किये जायेगे। उन्होंने कहा कि साहू समाज बहुत वृहद समाज है, आज साहू समाज के लोग उच्च शिक्षा प्राप्त कर चाहे राजनीति हो, चाहे शासकीय हो बडे बडे पद में आसीन है। साहू समाज के जिला इकाई द्वारा बडे बडे आयोजन किये जाते है, जिनमे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कोचिंग तथा रक्त दान शिविर अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज के निम्न व्यक्ति के जीवन स्तर उपर उठाने के साथ साथ समाज के उन्नति के लिये एक जुट होकर कार्य करे, तभी समाज की सार्थकता होगी।

जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि मैं समाज की ओर से महापौर श्रीमती देशमुख का आभार व्यक्त करता हूॅं, कि उन्होंने चिखली समाज के लिये भवन का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि महापौर का समाज के काम में हरदम सहयोग मिलता है, हम सबको समाज हित में कार्य करना है, तभी हमारा समाज उन्नति करेगे। लोकार्पण के पूर्व समाज के भागीरथी साहू, संतोष साहू, सुमिरन साहू, अमृतलाल साहू, दिलीप साहू, श्यामसुंदर साहू, मनहरण साहू, मनोज साहू, संजय साहू, आनंद साहू, जगन्नाथ साहू, राहुल साहू, श्रीमती मिथलेश साहू, श्रीमती प्रिया साहू ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर ने विधिवत भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में वार्ड की मितानिनों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु वार्डो में शिविर 10 तक

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 20 नवम्बर 2024 से 10 दिसम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 4 दिसम्बर को महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंज पारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में व हीरामोती वार्ड नं. 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में, 5 दिसम्बर को रविदास वार्ड नं. 20 के लिये पेन्ड्री स्कूल में व रेवाडीह आशा नगर वार्ड नं. 22 के लिये रेवाडीह स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने किया वेस्ट मटेरियल से बिजली उत्पादन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के कंचन बाग स्थित गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) में विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न आकर्षक मॉडल बना कर लोगों का दिल जीत लिया। बच्चों ने आदित्य एल वन को बड़े ही रोंचक ढंग से सूर्य की परिक्रमा करके जानकारी जुटाते हुये दिखाया गया। राम मंदिर एवं प्रेममंदिर की विशेष बनावट को मॉडल के माध्यम से दिखाकर मंदिर के इतिहास की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य खेल और व्यंजन विशेष आर्कषण का केन्द्र था। मॉडल से सरकस सभी को लुभा रहे थे, जिसमें मौत का कुऑ जोकर का खेल, हाथी का करतब सभी के



**चटपटे, मजेदार व्यंजनों का लगाया गया था स्टाल**

मन को आनंदित किया। बच्चों द्वारा बनाये गये कलाकृति क्रॉफ्ट की पालको ने विशेष सराहना की। बच्चों ने मेले को आनंदमय बनाने के लिए गुपचुप भेल, चना चटपटी, पकोड़े, इडली, ढोकला आदि मजेदार व्यंजनों का स्टॉल लगाया।

बाल मेला को यादगार बनाने के लिए सेल्फी जोन भी बनाया गया जिसमें बस्तर आर्ट दिखया गया था। पालक बच्चों के साथ सेल्फी लेकर यादों को कैमरे में समेट रहे थे। संस्था के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, संस्कृतिक प्रभारी हरीश गाँधी, विद्यालय के प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू ने आकर्षक मॉडल बनाने के लिए बच्चों को बधाई दी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार व उत्पीडन का संस्कारधानी में छलका दर्द





राजनांदगांव (दावा)। पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न पर संस्कारधानी में दर्द छलका है। बांग्लादेश में हो रही उक्त अमानवीय घटना को लेकर जहां लोगों में आक्रोश देखा गया।

वहीं शहर में रैली निकालकर इसका प्रदर्शन भी किया गया। महावीर चौक में फ्लाई ओवर के नीचे मंगलवार को पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न के खिलाफ हिंदू सर्व समाज का जमकर गुस्सा फूटा और बांग्लादेश में हुई घटना के विरोध में एक स्वर में इस पर रोक लगाने की मांग की गई।

महावीर चौक में आयोजित उक्त धरना-प्रदर्शन में उपस्थित बड़ी संख्या में जनसमुदाय को भाजपा के वरिष्ठ व किसान नेता अशोक चौधरी, नीरज बाजपेयी, पाटीदार समाज से पवन पटेल, नरेश पटेल, सिख समाज के त्रिलोचन सिंह बग्गा, सिंधी समाज के मन्नूमल मोटवानी, अमर ललवानी व बंगाली समाज के सविता बोस, बौद्ध समाज के कांति फूले, माहेश्वरी समाज से पवन डागा, राजू डागा, जैन समाज से मनोज बैद, सिन्हा समाज के दीपक सिन्हा, साहू समाज से नंदू साहू आदि ने संबोधित किया।

## बांग्लादेश की एहसान फरामोशी

भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार हिंसक घटनाएं व उत्पीड़न के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी जी को यूनाइटेड नेशन से बात करनी चाहिए। यूएन से शांति सेना आने पर बांग्लादेश के पीड़ितो को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि 53 साल पहले भारत ने बांग्लादेश को पाकिस्तान के चंगुल से आजाद कराया था। तब उनके नेता मुजीबुर्रहमान ने कहा था कि बांग्लादेश की जनता भारत का ऋण कभी नहीं चुका पाएगा। आज वही एहसान फरामोश बांग्लादेश के कट्टरपंथी लोग हिंदूओं की जान लेने आमादा है।

**आक्रोश व्यक्त करने सड़क पर आए हजारों लोग, शहर में निकली आक्रोश रैली**

गौरतलब यह रही कि बांग्लादेश में पीड़ित हो रहे हिंदुओं के समर्थन कट्टरपंथियों के विरोध में आवाज बुलंद करने वाले सर्वसमाज के धरना-प्रदर्शन व रैली में एक भी कांग्रेसीजन नजर नहीं आए। धरना प्रदर्शन में हिंदू संस्कृति सुरक्षा मंच के एम.डी. ठाकुर, कल्याणिका देव स्थानम के किशोरीलाल लाट, विश्व हिन्दू परिषद के विष्णु साव, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, युवा नेता नीलू शर्मा, सौरभ कोठारी, साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, ओम बाबा जी, शरद सिन्हा, गप्पू सोनकर, मनोज बैद, अग्रहरि, लाल मुनाई, एस.के. ओझा, रवि सिन्हा, महिला पार्षद मधु बैद, मणि भास्कर गुप्ता, पारुल जैन, पूर्णिमा साव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुषजन उपस्थित थे। यही नहीं दूर-दूर के गांवों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज की उपस्थिति बनी रही।

## शहर में निकली आक्रोश रैली

महावीर चौक में धरना प्रदर्शन पश्चात शहर में आक्रोश रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। रैली में शामिल लोग अपने हाथों में बांग्लादेश के विरोध में तख्तियां उठाए हुए थे। लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।रैली का नेतृत्व सर्व हिन्दू समाज ने की और अन्य प्रमुख सामाजिक संगठनों ने ने भी उनका साथ दिया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, उनके धार्मिक स्थलों पर हमले हमले की निंदा की। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से यह अपील की कि वे बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर तुरंत हस्तक्षेप करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। आक्रोश रैली शहर के महावीर चौक से,जयस्तम चौक, मानव मंदिर चौक, गुरु नानक चौक, नया बस स्टैंड चौक से होते हुए जिला मुख्यालय के जिला कलेक्ट्रेट पहुंची जहां हिंदू संस्कृति सुरक्षा मंच के संयोजक एम डी ठाकुर, नीलू शर्मा, नंदू साहू, अनूप श्रीवास, मणि भास्कर, मधु बैद, पूर्णिमा साहू आदि सहित बड़ी संख्या में लोगों ने ज्ञापन सौंपा गया।

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ के सबसे उपयोगी संस्थानों में से एक सीआरसी सेंटर - डॉ. रमन सिंह




राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में स्थित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री का वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि ग्राम ठाकुरटोला में स्थित सीआरसी प्रदेश स्तरीय एकमात्र केन्द्र है, जो दिव्यांगजन के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। यह छत्तीसगढ़ के सबसे उपयोगी संस्थानों में से एक है, जहां दिव्यांगजनों के लिए प्रशिक्षण, स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी एवं अन्य दिव्यांगजनों के लिए अन्य गतिविधियां तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि 35 करोड़ रूपए की लागत से तैयार इस संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए छात्रावास की सुविधा भी है।

संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा, डिग्री, वोकेशनल कोर्स सहित अन्य कोर्स का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने का दिन है। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की और सभी समूह दलों को स्वेच्छा अनुदान मद से 11-11 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने, दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ रखने एवं सम्मान देने के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया है, जिसमें अस्थिबधिर बच्चों के लिए ट्रायसाईकिल दौड़, बैसाखी दौड़ व खुर्सी दौड़, श्रवण बधिर बच्चों के लिए लंबी

**○ दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री का किया गया वितरण**
**○ विधानसभा अध्यक्ष ने दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की, समूह दलों को 11-11 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा**
**○ विश्व दिव्यांगजन दिवस पर खेलकूद में 380 दिव्यांग विद्यार्थी होंगे शामिल**

कूद, गोला फेक, 100 मीटर दौड़ एवं खुर्सी दौड़, दृष्टि बधिर बच्चों के लिए 25 मीटर दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिता में लगभग 380 दिव्यांग बच्चे शामिल होंगे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सीआरसी प्रदेश का एक उत्कृष्ट संस्थान है। इस संस्थान के माध्यम से दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। संस्थान में शिक्षण, प्रशिक्षण, उपकरण सहित अन्य सुविधाओं का लाभ दिव्यांगजन ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में लगभग 1579 दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं। केन्द्र व राज्य सरकार प्रयासों से दिव्यांग बच्चों की बेहतर सुविधा के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल सहित अन्य गतिविधियों में शामिल हो रहें हैं। कार्यक्रम में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों, बीआरपी को सम्मानित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

ग्राम ठाकुरटोला में स्थित सीआरसी में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न संस्थाओं के दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पारंपरिक लोकनृत्यों का सराहनीय प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आस्था संस्था के छात्र-छात्राओं ने पौराणिक कथा पर आधारित रक्तबीज संहार की आकर्षक प्रस्तुति दी, वही अभिलाषा के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला गीत पर आधारित सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, बस्तरीया नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके अलावा सीआरसी एवं समग्र शिक्षा समेकित केन्द्र के विद्यार्थियों तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इन संस्थानों के छात्रों द्वारा दी गई आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों की आकर्षक एवं सुंदर प्रस्तुति बड़े-बड़े सामान्य विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भी प्रस्तुत नहीं की जाती। उन्होंने इन छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया।

## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री वितरण

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर 1 लाख 80 हजार रूपए की लागत से 4 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल, 90 हजार रूपए की लागत से 8 श्रवण बाधितों को श्रवण यंत्र, 16 हजार रूपए की लागत से 2 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, 3500 रूपए की लागत से 7 दिव्यांगजनों को लिफ्ट बेल्ट, 699 रूपए की लागत से 1 दिव्यांग को वाकर, 11 हजार 330 रूपए की लागत से 15 दिव्यांगजनों को नी ब्रेस, 6 हजार 144 रूपए की लागत से 8 दिव्यांजनों को ट्रिपाड, 500 रूपए की लागत से 2 दिव्यांगजनों को सर्विकल प्रदान किया गया। शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 4 दिव्यांग विद्यार्थियों को 6-6 हजार रूपए के चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर खूबचंद पारख, रमेश पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिक्षा भण्डारी, भरत वर्मा, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चे, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# उपार्जन केन्द्रों में जाम धान उठाव के लिए लगेंगी डेढ़ सौ गाड़ियां, जहां धान जाम वहां पहले उठाव



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों फेंगल तूफान का असर बना हुआ है। आसमान बादलों से ढंका हुआ नजर आता है। हालांकि जिले में कहीं बारिश अथवा बूंदाबांदी की खबर नहीं है लेकिन कब बारिश हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बारिश हुई तो समितियों में रखा करोड़ों के धान भीगना निश्चित है। मौसम में आई खराबी को लेकर धान खरीदी कार्य में लगे सहकारी प्रबंधन समिति कर्मचारी लोग जरूर डरे हुए हैं। क्या है कि बारिश में धान भीगने से बचाने का जिम्मा इनके ऊपर ही डाल दिया गया है और इधर उपार्जन केन्द्रों में से धान का उठाव नहीं होने से भारी मात्रा में धान जाम है। बारिश-पानी के गिरने की स्थिति से चिंतित सहकारी प्रबंधन समिति के लोगों ने कलेक्टर से मिलकर समितियों में जाम धान का जल्द उठाव की मांग की है।


सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज-कल में सोसायटियों में जाम धान का जल्द उठाव शुरू हो जाएगा। तकरीबन सौ डेढ़ सौ गाडियां धान उठाव के कार्य में लग जाएगी। मिलरो से धान उठाव के लिए पंजीयन कराया जा रहा है। इधर परिवहनकर्ता भी जल्द धान उठाने की सहमति दे दी है। बताया जाता है कि धान उठाव के लिए मिलरों की कुछ मांगे रखी है। उक्त मांग प्रादेशिक स्तर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ बातचीत के बाद सहमति बन गई है। अब सोसायटियों में जाम धान का मिलरो द्वारा शीघ्र ही उठाव शुरू हो जाएगा।

**○ सहकारी प्रबंधक समिति के लोगों ने की धान जल्द उठाव की मांग**
**○ अब तक मात्र 12 से 15 हजार क्विंटल धान का हुआ उठाव**

जिला सहकारी प्रबंधन समिति व कर्मचारी संघ के संयोजक व संयुक्त अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर मंगलवार 3 तारीख को संघ के जिला अध्यक्ष किशन देवांगन के साथ कलेक्टर से मुलाकात की गई व चर्चा उपरांत बात सामने आई कि अब जिले के सभी संग्रहण केंद्रों से धान का उठाव शीघ्र ही होगा। इसके लिए प्रतिदिन सौ से लेकर डेढ़ सौ गाड़ियां उठाव के लिए लगेंगी।

**राइस मिलर्स की मांगों पर बनी सहमति**

बताते चलें कि प्रदेश में उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव न होने के कारण केंद्रों में जाम की स्थिति और किसानों को धान बेचने में हो रही दिक्कत का समाधान हो गया है।




# रायल किड्स कॉन्वेंट में नर्सरी, प्री-नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 पूरी तरह से नि:शुल्क

**इस वर्ष से अल्ट्रा मॉडर्न हॉस्टल फैसिलिटी आरंभ**

राजनांदगांव (दावा)। रायल किड्स कॉन्वेंट में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ ही एक बड़ी घोषणा की गई है। इस सत्र में नर्सरी, प्री-नर्सरी, केजी1 और केजी2 की कक्षाओं में प्रवेश एवं शिक्षा पूरी तरह से निश्शुल्क कुछ शर्तो के साथ होगा। इसके अलावा, रायल किड्स कॉन्वेंट में छात्रों के लिए उत्कृष्ट हॉस्टल सुविधा भी शुरू की जा रही है। यह सुविधा छात्रों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास प्रदान करेगी। इस घोषणा के साथ, रायल किड्स कॉन्वेंट ने अपने छात्रों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। यह घोषणा स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह अपने छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर निदेशक संजय बहादुर सिंह ने बताया कि बाहर के काफी सारे पालकों की मांग पर अल्ट्रा मॉडर्न सुविधाओं के साथ हॉस्टल फैसिलिटी आरंभ की जा रही है।

रायल किड्स कॉन्वेंट के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा, हमें यह घोषणा करने में गर्व है कि हमारे यहाँ सी बी ऐसई एवं आई सी ऐस ई बोर्ड्स में नर्सरी, प्री-नर्सरी, केजी1 और केजी2 की कक्षाओं में प्रवेश एवं इस सत्र की पढ़ाई इन नव प्रवेशित छात्रों के लिए पूरी तरह से नि:शुल्क होगी। हमें विश्वास है कि यह घोषणा हमारे छात्रों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ा लाभ होगी।प्रवेश हेतु इच्छुक पालक शाला में आकर संपर्क कर सकते हैं ।राजनांदगांव शहर के हृदय स्थल में स्थित यह विद्यालय अपने नवाचारों के लिए सदैव जाना पहचाना जाता रहा है। ज्ञात हो कि संस्थान में अभी प्रवेश लेने पर एवं अगले सत्र की फूल फीस पे करने पर विशेष छूट 40-50 प्रतिशत शर्तानुसार दी जा रही है।

समिति की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई.के. वैष्णव ने नए सत्र हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

**प्लॉट बेचना है**

राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट

रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध

- : संपर्क :-
62641-56342

**आवश्यकता है**

दैनिक अखबार में काम करने हेतु (रात्रिकालीन) हेल्पर एवं ड्राइवर की
मिलने का समय दोप. 12 से शाम 6 बजे तक ।

संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com